23- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/24/2025 12:08 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 43.8 डिग्री

न्यूनतम 25.8 डिग्री


हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




शहर के एक बीमार बच्चे को इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस से ले जाने चकरभाटा एयरपोर्ट तक ग्रीन कारिडोर बनाया गया।


छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

25/04/2025 (संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065 9340311314, 9303893829


# निगम के सीई व ईई का परिवार बचा, श्रीनगर में फंसे

## ट्रेनिंग के साथ श्रीनगर घूमने गए हैं 6 सदस्य

- पहलगाम में जहां आतंकी वारदात हुई वहां एक दिन पहले ही घूमकर आए थे
- फिलहाल होटल में सुरक्षित हैं दोनों परिवार, 25 अप्रैल को फ्लाइट से लौटेंगे

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर के चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा सीवरेज की ट्रेनिंग के लिए श्रीनगर गए हैं। उनके साथ निगम के कार्यपालन अभियंता एसपी साहू भी हैं। दोनों का परिवार भी साथ हैं। कुल 6 सदस्य मंगलवार को पहलगाम टूरिस्ट पैलेस में हुए आतंकवादी घटना में बाल- बचे हैं। पहलगाम में जिस जगह पर यह आतंकी वारदात हुई वहां पर दोनों परिवार एक दिन पहले ही घूमकर आए थे। फिलहाल 6 सदस्यों का दोनों परिवार श्रीनगर में फंसा है।

दरअसल घटना के बाद से पूरे घाटी क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। कर्फ्यू लगा दिया गया है। लोगों का घरों से बाहर निकलना बंद हैं तो व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं है। बड़ी संख्या में जम्मू कश्मीर पहुंचे सैलानी भी फंसे हैं जो कि जल्दी से घर पहुंचना चाहते हैं लेकिन फ्लाइट कम है और उड़ानों की संख्या भी कम है। चीफ इंजीनियर श्री मिश्रा और कार्यपालन अभियंता श्री साहू को बड़ी मुश्किल से 25 अप्रैल की फ्लाइट मिली है।

सीवरेज परियोजना को देश भर में लागू करने के लिए श्रीनगर में 19 और 20 अप्रैल को सभी निगमों के इंजीनियरों की ट्रेनिंग रखी गई थी। नगर निगम बिलासपुर के चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा और कार्यपालन अभियंता एसपी साहू भी इसमें शामिल होने के लिए गए हुए हैं। जम्मू कश्मीर घूमने के लिए उनका परिवार भी साथ हैं। इसमें चीफ इंजीनियर की पत्नी श्रीमती मंजू मिश्रा, बेटी खुशी मिश्रा और ख्याति मिश्रा भी और श्री साहू की पत्नी रितु साहू साथ हैं। श्री मिश्रा ने फोन पर हरिभूमि को बताया कि श्रीनगर में ट्रेनिंग के बाद 21 अप्रैल की रात पहलगाम पहुंचे। उनके साथ दोनों परिवार भी थे। एक दिन पहले तक पहलगाम में सब ठीक था। सैलानी घूम रहे थे। लिहाजा, उन्होंने भी आसपास के पर्यटक स्थलों को देखा। 22 अप्रैल को उनकी बैसरन जाने की योजना थी लेकिन, अचानक हुए हमले के बाद उन्हें प्लान बदलना पड़ा।



### सारी दुकानें बंद हो गई, कर्फ्यू लग गया

उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने जब पर्यटकों पर हमला किया, तब चारों तरफ अफरातफरी मच गई। इस दौरान पहले यह अफवाह फैली कि सेना के जवान ने किसी स्थानीय को गोली मार दी है। इसके बाद वहां सारी दुकानें बंद हो गई और कर्फ्यू लग गया। श्री मिश्रा ने बताया कि जहां हमला हुआ वहां जाने की तैयारी थी। वह दुर्गम और पहाड़ी रास्ता से होकर जाता है लेकिन, हमले की खबर मिलते ही सेना के जवानों ने पर्यटकों को रोक दिया। पर्यटक सुरक्षित होटलों में पहुंचने की कोशिश करते रहे। वहीं, सेना के जवानों की हलचल बढ़ गई। श्री मिश्रा ने बताया कि होटल में हमारी मदद की गई। हमें सुरक्षित ठहराया गया।

### सभी टूरिस्टों को रोका गया, हर रास्ता पैक

श्री मिश्रा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद सभी टूरिस्टों को रोक दिया गया है। होटल में सभी सदस्य सुरक्षित तो हैं लेकिन पूरे क्षेत्र में एक डर का माहौल है। हर तरफ से आर्मी ने रास्ता पैक कर दिया है। स्थिति तनावपूर्ण तो है। सुरक्षा बलों द्वारा हर किसी से पूछताछ की जा रही है। इसलिए पर्यटकों को किसी भी जगह टूरिस्ट प्लेस में खास तौर पर पहलगाम में जाने की अनुमति नहीं है। पहलगाम की ओर से श्रीनगर जा रहे लोगों को ही वापस आने दिया जा रहा है। पहलगाम को पूरी तरह खाली करा दिया गया है। पूरा जिला प्रशासन अलर्ट पर है। सभी बाजार और पर्यटक क्षेत्र बंद कर दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कृषि मास मीडिया समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 24 अप्रैल को संभागीय संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन दोपहर 12 बजे से होगी। बैठक में माह मई 2025 में आकाशवाणी केन्द्र बिलासपुर के माध्यम से किसानवाणी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसारण होने वाले विषय एवं वार्ताकार तय किए जाएंगे।

### कृषि उत्पादन आयुक्त की संभागीय बैठक आज

**बिलासपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में 24 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से जिला पंचायत सभागार, जिला जांजगीर-चांपा में संभागीय बैठक होगी। इसमें रबी वर्ष 2024-25 की समीक्षा तथा खरीफ वर्ष 2025 के कार्यक्रम का निर्धारण किया जाएगा। बैठक में सर्वसंबंधितों को समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### वीसीपी चयन, आवेदन की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** उप संचालक कृषि विभाग द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयलसीड्स योजना के अंतर्गत वीसीपी चयन के लिए 24 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित है। योजना के अंतर्गत जिले में कार्यरत एफपीओ एवं बीज सहकारी समिति योजना का लाभ उठाने के लिए अर्हता रखते हैं। तिलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा यह पहल की जा रही है। इस संबंध में और जानकारी उप संचालक कृषि एवं विकासखण्ड स्तर पर एसएडीओ कार्यालय से ले सकते हैं।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 30 जून तक

**बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 में पदम विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करने के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 30 जून है। पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा कला, साहित्य और शिक्षा, खेल चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों एवं सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### एयू ने पोर्टल में जानकारी अपलोड करने कहा

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन पोर्टल पर समय पर जानकारी अपलोड करने सभी संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों को पत्र लिखा है। कालेजों द्वारा पोर्टल में कालेज से संबंधित जानकारी अपलोड करने में लेटलतीफी की जाती है। इस बार शासन के आदेशानुसार सभी कालेजों को जानकारी वेब डीसीएफ फार्म के माध्यम से ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन पोर्टल पर 15 फरवरी तक अपलोड करना था, लेकिन बहुत से कालेजों ने समय पर पोर्टल में जानकारी अपलोड नहीं किया था।

## नागपुर डिवीजन के राजनांदगांव से कलमना के बीच होगा तीसरी लाइन का काम

# 36 ट्रेनें पटरी पर आई नहीं कि 50 ट्रेनों के पहिए फिर रूक जाएंगे कल से



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच रायगढ़ से कोतरलिया रेलवे स्टेशन के बीच 2100 करोड़ रुपए की लागत से 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन काम की वजह से वर्तमान में रद्द की गई 36 ट्रेनों के पहिए अभी पटरी पर नहीं आए हैं। वहीं 25 अप्रैल से 6 मई यानि 12 दिन तक रेल प्रशासन ने नागपुर डिवीजन के राजनांदगांव से कलमना स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का काम करने के लिए हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनें सहित 50 एक्सप्रेस, पैसेंजर और लोकल ट्रेनों को रद्द करने का निर्देश जारी कर दिया है।

रेल प्रशासन पहले बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन का कार्य करने के लिए 36 ट्रेनों को 11 से 25 अप्रैल तक रद्द और दूसरी ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का आर्डर जारी कर चुका है। इसके साथ ही ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल अंतर्गत मेरामण्डली से हिंदोल रोड रेलवे लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने के कार्य को लेकर ब्लाक के कारण ट्रेनों का परिचालन 15 से 24 अप्रैल तक प्रभावित रहेगा। इसके साथ ही जोनल मुख्यालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत नागपुर मंडल के राजनांदगांव से कलमना रेल खंड के बीच तीसरी रेल लाइन को गोंदिया रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य, इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्य 23 अप्रैल से 4 मई और 5 एवं 6 मई तक किया जाएगा। रेलवे के अनुसार राजनांदगांव से कलमना तक बनने वाली तीसरी लाइन 228 किलोमीटर है, जिसकी लागत 3540 करोड़ रुपए है। इस कार्य के कारण 50 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का आर्डर दिया गया है। रद्द ट्रेनों के साथ कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से भी चलाई जाएगी, इसमें 24 अप्रैल एवं 1 मई को 16367 कन्याकुमारी-बनारस एक्सप्रेस बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर, 27 अप्रैल एवं 4 मई को 16368 बनारस-कन्याकुमारी एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 3 मई को 12152 शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल होकर, 4 मई को 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 4 मई को 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 5 मई को 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर एवं इटारसी होकर और 5 मई को 12390 चेन्नई-गया एक्सप्रेस बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर चलेगी।

### इन ट्रेनों के थमेंगे पहिए

- 25 अप्रैल से 6 मई तक 78803 गोंदिया-कटंगी मेमू स्पेशल।
- 25 अप्रैल से 6 मई तक 78804 कटंगी-गोंदिया मेमू स्पेशल।
- 4 मई को 58205 रायपुर-नैनपुर पैसेंजर।
- 5 मई को 58206 नैनपुर-रायपुर पैसेंजर।
- 5 मई को 68743 गोंदिया-नैनपुर मेमू पैसेंजर।
- 5 मई को 68744 नैनपुर-गोंदिया मेमू पैसेंजर।
- 2 से 6 मई तक 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर।
- 3 से 7 मई तक 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर।
- 23, 26, 28, 30 अप्रैल, 3, 5 मई को 11754 रींवा-नैनपुर एक्सप्रेस।
- 24, 27, 29 अप्रैल, 1, 4, 6 मई को 11753 नैनपुर-रींवा एक्सप्रेस।
- 4 मई को 22905 ओखा-हावड़ा एक्सप्रेस।
- 6 मई को 22906 हावड़ा-ओखा एक्सप्रेस।
- 4 मई को 12145 लोकमान्य तिलक-पूरी एक्सप्रेस।
- 6 मई को 12146 पूरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस।
- 2 मई को 12843 पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस।
- 4 मई को 12844 अहमदाबाद-पूरी एक्सप्रेस।
- 2 एवं 4 मई को 12810 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मेल एक्सप्रेस।
- 4 एवं 6 मई को 12809 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा मेल एक्सप्रेस।
- 2 से 6 मई तक 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस।
- 3 से 7 मई तक 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस।
- 3 मई को 12410 हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस।
- 5 मई को 12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस।
- 4 से 6 मई तक 12070 गोंदिया-रायगढ़ एक्सप्रेस।
- 5 से 7 मई तक 12069 रायगढ़-गोंदिया एक्सप्रेस।
- 5 मई को 20825 बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस।
- 5 मई को 20826 नागपुर-बिलासपुर वंदेभारत एक्सप्रेस।
- 4 मई को 22827 पूरी-सूरत एक्सप्रेस।
- 6 मई को 22828 सूरत-पूरी एक्सप्रेस।
- 1 मई को 22648 तिरूवनंथपुरम-कोरबा एक्सप्रेस।
- 3 मई को 22647 कोरबा-तिरूवनंथपुरम एक्सप्रेस।
- 5 मई को 22815 बिलासपुर-इरनाकुलम एक्सप्रेस।
- 7 मई को 22816 इरनाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 4 मई को 22620 तिरूनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 6 मई को 22619 बिलासपुर-तिरूनेलवेली एक्सप्रेस।
- 4 मई को 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस।
- 5 मई को 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 1 मई को 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस।
- 4 मई को 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस।
- 29 अप्रैल एवं 3 मई को 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस।
- 2 एवं 6 मई को 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस।
- 2 मई को 17321 वास्कोडिगामा-जसीडीह एक्सप्रेस।
- 5 मई को 17322 जसीडीह-वास्कोडिगामा एक्सप्रेस।
- 2 मई को 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस।
- 4 मई को 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस।
- 30 अप्रैल, 1, 3, 4, 6 मई को 12807 विशाखापट्टनम-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस।
- 2, 3, 5, 6, 8 मई को 12808 हजरत निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस।
- 3 मई को 22512 कामख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस।
- 6 मई को 22511 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-कामख्या एक्सप्रेस।
- 3 मई को 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस।
- 5 मई को 13425 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस।

# प्रदेश में बिलासपुर फिर सबसे गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में बुधवार को भी बिलासपुर शहर को सबसे गर्म शहर के रूप में रिकार्ड किया गया है गर्मी में भीषण बढ़ोतरी थमने का नाम नहीं ले रही है। अधिकतम तापमान में 43.8 तक की बढ़त हो चुकी है। शहरवासी दिन में बाहर निकलने से पूरी तरह बचने लगे हैं, वहीं शहर के बाजारों में देर रात तक चहल-पहल देखी जा सकती है।

भीषण गर्मी का सिलसिला शहर में बुधवार को भी जारी रहा। इतना ही नहीं, बल्कि गर्मी के मामले में बिलासपुर ने प्रदेश के सभी जिलों को पीछे छोड़ दिया है। 43.8 डिग्री के साथ शहर पहले नंबर पर है।



**43.8 पर पहुंचा अधिकतम तापमान**

तापमान में बढ़ोतरी जारी

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 5 घायल

**बिलासपुर।** कोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पौंसरा में अज्ञात वाहन चालक ने सड़क पर चल रहे पांच लोगों को टक्कर मार दी, हादसे में 3 लोगों को गंभीर चोट आई है। वहीं 1 व्यक्ति का पैर टूट गया है। राहगीरों ने 108 वाहन को सूचना देकर सभी घायलों को सिम्स में भर्ती किया गया। जहां दो घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पौंसरा गांव में बुधवार की शाम अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया, चालक ने सड़क पर चल रहे 5 लोगों को रौंद दिया, इससे हड़कंप मच गया। हादसे में 3 लोगों को गंभीर चोटें आईं। इनका इलाज सिम्स अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि घायलों में गतोरी कोनी निवासी विजय सिंह, पौंसरा निवासी सत्यम,राजू ,ऋषभ और अन्य लोग शामिल हैं। घटना की रिपोर्ट कोनी थाने में दर्ज नहीं की गई है । घायलों को आसपास के लोगों ने सीधे 108 वाहन को कॉल कर सिम्स रवाना कर दिया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में एक की मौत

कोनी क्षेत्र के सेंदरी में सड़क हादसे में युवक पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी सड़क पर तेज रफ्तार वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल भेजा गया। उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि लिमहा में रहने वाले मंगल गंधर्व बुधवार को किसी काम से बिलासपुर आए थे। रात करीब 8 बजे वे गांव लौट रहे थे। सेंदरी स्थित वृंदावन कालोनी के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी कर वे दूसरी ओर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी सड़क के दूसरी ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन के ड्राइवर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भीषण गर्मी में लगातार हो रही तापमान में बढ़ोत्तरी से लोग हलाकान

# पांच साल में शहर की किसी सड़क पर पौधे नहीं लगा पाया वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले पांच सालों में सड़कों के किनारे से हजारों पेड़ काटे गए हैं, परन्तु वन विभाग किसी सड़क के किनारे पेड़ नहीं लगा पाया है, शहर में पेड़ों की कमी के कारण तापमान और अधिक तेजी से बढ़ रहा है।

15 साल पहले बिलासपुर शहर में सड़क के किनारे हरे-भरे पेड़ हुआ करते थे। भीषण गर्मी और दोपहर की तेज धूप में लोगों को पेड़ों की छांव में काफी सुकुन भी मिलता था। विशेषकर राजेन्द्रनगर चौक से लेकर बिलासा कालेज, सत्यम टॉकीज, अग्रसेन चौक से लेकर लिंक रोड, सीएमडी और तारबाहर चौक तक सड़क के दोनों ओर हरे-भरे वृक्ष के नीचे लोगों को सुविधा मिल रही थी। सड़क चौड़ीकरण करने के लिए इस सड़क के दोनों ओर लगे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। एक-एक पेड़ों को काटने के बाद 10-10 पौधों को लगाने का नगर निगम, जिला प्रशासन के साथ वन विभाग के अफसरों ने लेकर इसकी देखभाल करने का निर्णय लिया गया था। 15 साल के दौरान तीनों विभागों की ओर से इस स्थान पर एक भी पौधा नहीं लगाया गया है। इसी तरह अरपा पार सरकंडा और राजकिशोर नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हजारों की संख्या में वृक्षों की बलि दी गई है। हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से वर्तमान में ऐसा हाल हो गया है कि भीषण गर्मी में तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही दोपहर की तेज धूप की वजह से लोग बाहर जाने से कतराने लगे हैं। पेड़ों की छांव नहीं मिलने के कारण लोगों को अपनी गाड़ियों को रखने के लिए भी छाया ढूंढना पड़ रहा है।

### समिति के लगाए पौधे भी सूखे

शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग के अफसरों ने कोई ध्यान नहीं दिया तो समितियों ने आगे आकर शहर के चौक-चौराहों के साथ सड़क के दोनों ओर पौधे लगाने की जिम्मेदारियां उठाई। इसके तहत राजेन्द्र नगर से सत्यम चौक तक सड़क के दोनों ओर पौधरोपण के साथ उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाने का काम किया गया है। समिति के लगाए गए कुछ पौधे तो जीवित हैं, लेकिन हजारों की संख्या में पौधे बड़े होने से पहले ही मुरझा गए हैं।



### गांव में पौधरोपण शहर में कुछ नहीं

पौधरोपण करने के लिए पौधे तैयार करने की जिम्मेदारी वन विभाग और वन विकास निगम के अलावा सामाजिक वानिकी को दी जाती है। इसके लिए विभाग को शासन से करोड़ों रुपए के बजट भी मिलते हैं, जिसमें फलदार और छायादार पौधों को तैयार करने के लिए बारिश होने से पहले ही तैयार शुरु हो जाती है। इसमें वन विभाग सहित वन विकास निगम और सामाजिक वानिकी ने शहर में किसी तरह का पौधरोपण तो नहीं किया, लेकिन बिलासपुर वन मंडल के चारों रेंज बिलासपुर को छोड़कर बेलगहना, कोटा और रतनपुर में हजारों की संख्या में पौधा लगाने का काम किया गया है, जिसे देखने के लिए कोई नहीं जाता है।

### हरियाली रेलवे क्षेत्र में

शहर के अंदर कहीं भी हरियाली तो नजर नहीं आती है, लेकिन शहर से लगे रेलवे क्षेत्र में कदम-कदम पर पेड़ लगे हुए हैं। तारबाहर चौक और जगमल चौक से रेलवे स्टेशन तक आने-जाने वाली सड़क के साथ ही रेलवे कालोनियों में हरे-भरे पेड़ों के कारण चारो ओर हरियाली नजर आती है। इसकी वजह से शहर के अलावा रेलवे क्षेत्र के तापमान 4 से 5 डिग्री का अंतर रहता है।

### नहीं लगाया गया पौधा

वन विभाग ने ग्रामीण एरिया में मनरेगा, कैंपा और विभागीय मद से हजारों की संख्या में पौधरोपण किया है, लेकिन शहर के किसी भी क्षेत्र में वन विभाग की ओर से पिछले पांच साल में कोई भी पौधा नहीं लगाया गया है।

**- सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ वन मंडल बिलासपुर

जनपद पंचायत पथरिया के सभी क्षेत्रवासियों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती चित्ररेखा मनीष जांगड़े
अध्यक्ष- जनपद पंचायत पथरिया

समस्त क्षेत्रवासियों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती अंबालिका साहू
सभापति- संकर्म एवं संचार, जिला पंचायत मुंगेली

समस्त क्षेत्रवासियों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती अनिता देवेन्द्र सिंह राजपूत
सभापति- महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत मुंगेली
देवेंद्र सिंह राजपूत
सभापति प्रतिनिधि

ग्राम पंचायत भठली
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजय राजपूत
भाजपा मंडल अध्यक्ष पथरिया एवं
सरपंच- ग्राम पंचायत भठली

ग्राम पंचायत पथरगढ़ी
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रामेश्वर वर्मा
सरपंच - ग्राम पंचायत पथरगढ़ी

ग्राम पंचायत जोता
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जवाहर लाल ध्रुव
सरपंच- ग्राम पंचायत जोता
प्रेम प्रकाश राजपूत
उपसरपंच- ग्राम पंचायत जोता

ग्राम पंचायत जरेली
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती देवकी गजानंद सिंगरोल
सरपंच- ग्राम पंचायत जरेली

ग्राम पंचायत हथनीकला
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सुषमा प्रीतम कोशले
सरपंच- ग्राम पंचायत हथनीकला
प्रीतम कोशले
सरपंच प्रतिनिधि- ग्राम पंचायत हथनीकला

ग्राम पंचायत रोहराकला
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती पूर्णिमा श्रीधर राक्श
सरपंच- ग्राम पंचायत रोहराकला
सरपंच प्रतिनिधि- ग्राम पंचायत रोहराकला

ग्राम पंचायत छिंदभोग
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ओमप्रकाश यादव
सरपंच- ग्राम पंचायत छिंदभोग

ग्राम पंचायत बरछा
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती मिना ज्ञानदास गेंदले
सरपंच- ग्राम पंचायत बरछा

ग्राम पंचायत गंगद्वारी
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राकेश श्रीवास
सरपंच- ग्राम पंचायत गंगद्वारी

ग्राम पंचायत सीलदहा
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती लता मनीष वर्मा
सरपंच- ग्राम पंचायत सीलदहा

ग्राम पंचायत डिघोरा
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संदीप कुर्रे
सरपंच- ग्राम पंचायत डिघोरा

ग्राम पंचायत पूछेली
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती संतोषी संतोष लहरे
सरपंच- ग्राम पंचायत पूछेली
संतोष लहरे
सरपंच प्रतिनिधि- ग्राम पंचायत पूछेली

ग्राम पंचायत गोइन्द्री
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
तेज कुमार पात्रे
सरपंच- ग्राम पंचायत गोइन्द्री
टोकेश्वर सिंह राजपूत
सचिव

ग्राम पंचायत सीलतरा
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
तामेश्वर वर्मा
सरपंच- ग्राम पंचायत सीलतरा

ग्राम पंचायत पिपरलोड
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
धनीराम कौशल
सरपंच- ग्राम पंचायत पिपरलोड

ग्राम पंचायत सोनपुरी
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मनोहर ध्रुव
सरपंच- ग्राम पंचायत सोनपुरी

ग्राम पंचायत ढोटमा
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमती शिववती नेताम
सरपंच- ग्राम पंचायत ढोटमा
उद्धव साहू
सचिव- ग्राम पंचायत ढोटमा

ग्राम पंचायत अमोरा
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
याकूम कुमार
सरपंच- ग्राम पंचायत अमोरा

ग्राम पंचायत परसदा
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लीलेश राजपूत
सरपंच- ग्राम पंचायत परसदा

ग्राम पंचायत धरदेही
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती त्रिवेणी सनत बरगाह
सरपंच- ग्राम पंचायत धरदेही

ग्राम पंचायत कुकुसदा
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जनक राम साहू
सरपंच- ग्राम पंचायत कुकुसदा

ग्राम पंचायत बरदुली
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सुनिता राजकुमार जाटवर
सरपंच- ग्राम पंचायत बरदुली
राजकुमार जाटवर
सरपंच प्रतिनिधि- ग्राम पंचायत बरदुली

ग्राम पंचायत मोतिनपुर
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमति सकून साहू
सरपंच- ग्राम पंचायत मोतिनपुर
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत मोतिनपुर
संतोष कुम्भकार
सचिव

ग्राम पंचायत जूनवानी
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अजय वर्मा
सरपंच प्रतिनिधि- ग्राम पंचायत जूनवानी

ग्राम पंचायत सोढ़ी मराठी
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
धनेश्वर गाहिरे
सरपंच- ग्राम पंचायत सोढ़ी मराठी

ग्राम पंचायत बैजना
के समस्त ग्रामीणों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती संतोषी संतोष साहू
सरपंच- ग्राम पंचायत बैजना
संतोष साहू
सरपंच प्रतिनिधि- ग्राम पंचायत बैजना

संकलनकर्ता
रवि निर्मलकर
हरिभूमि प्रतिनिधि पथरिया
मो. 9752961085

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## बंगाली समाज के संतों, महापुरुषों कलाकारों पर चर्चा, स्नेह सम्मेलन



**बिलासपुर।** बांग्ला नववर्ष के अवसर पर विनोबा नगर पूजा समिति परिवार ने सोमवार को स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें बंगला समुदाय के संतों, महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों, राजनेताओं, खिलाड़ियों और फिल्म कलाकारों के राष्ट्रीय योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के आरंभ में पूजा-अर्चना पश्चात पहली बार सार्वजनिक भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति देने, निर्धन कन्या के विवाह, और रोजगार देने की बात कही गई। कार्यक्रम में गोपाल सिकंदर ने गायन पेश किया। समिति द्वारा बनाए गए विशेष बेनर बोर्ड में बंगला समुदाय के संतों, महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों, राजनेताओं, खिलाड़ियों और फिल्म कलाकारों के चित्र लगाए गए थे। इसका सभी ने अवलोकन किया।

इस अवसर पर सुब्रत बैनर्जी, सोमनाथ मुखर्जी, देवाशीष नंदी, आलोक भट्टाचार्य, वरुण दास, अतनु घोष, समीर मुखर्जी, विभु रंजन घोष, असीम मुखर्जी, देवाशीष भट्टाचार्य, राजा दास गुप्ता, प्रशांत चक्रवर्ती, राजू मोइत्रा, आशीष मजूमदार, राकेश राय, प्रणव राय, चन्द्र भूषण सिंह, बापी कविराज, स्वास्तिक राय, विजय मजूमदार, छोटू मोइत्रा, प्रतिमा पाल, लीना बैनर्जी, एसएन गोप, तिलक दत्ता, अभिजीत रिंकू मित्रा सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया से पहले गुड्डे-गुड़िया, सितारों से बने मोर मुकुट से बाजार में रौनक

परंपरा निभाने खरीदी

### मिट्टी के कारीगरों ने सजाई दुकानें

अक्षय तृतीया इस बार 30 अप्रैल को मनाई जाएगी, लेकिन स्कूलों से राहत मिलने से बच्चे अब गुड्डे - गुड़िया की शादी करने और मंडप सजाने की तैयारी में जुट गए हैं। इससे गोल बाजार में वैवाहिक साजो- सामान बेचने वालों के पास गुड्डे- गुड़िया की शादी के लिए सामान खरीदने परिवार के लोगों के साथ बच्चे भी पहुंचने लगे हैं। इनके लिए 50 से 100 रुपए की रेंज में मंडप में उपयोगी सामग्री का भी पैकेट दुकानदार सजाने लगे हैं।

**बिलासपुर।** वहीं, दूसरी तरफ अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस दिन जिन्हें शादी के लिए मुहूर्त नहीं मिलता, वैसे लोग विशेष मुहूर्त में वैवाहिक आयोजन करते हैं। इससे रौनक बढ़ने लगी है। रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस का सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगी पंखी, सितारों से बने दूल्हा-दुल्हन के मोर-मुकुट पैकिंग का हिस्सा है।





### गुड्डे -गुड़िया के साथ खरीद रहे सामान

इस परंपरा को निभाने का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बच्चों का समूह कॉलोनियों और बस्तियों में गुड्डे-गुड़िया का विवाह रचाने के लिए तैयारी में हैं। इसमें परिवार के लोगों को साथ लेकर बाजार से गुड्डे-गुड़िया के साथ बारातियों का सेट भी लोग खरीद रहे हैं। इसके लिए लोगों को 500 रुपए देना पड़ रहा है। बाजार में सेठ, राधा-कृष्ण, किसान, वकील के गेटअप वाले गुड्डे और गुड़िया को मिट्टी से तराशने के बाद आकर्षक लुक दिया है। 100 से 300 रुपए की रेंज में मिलने से लोग बच्चों की खुशी के लिए खरीदने में भी रुचि ले रहे हैं।

### बड़ों की तरह बच्चे निभाते हैं दायित्व

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन छोटे बच्चे भी बड़ों की तरह ही गुड्डे-गुड़िया की शादी करते हैं। इसमें आस-पास रहने वाले लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित भी करते हैं। बारातियों का स्वागत करने के लिए पूड़ी, सब्जी, खीर के साथ नास्ता भी परोसते हैं। इसमें वे बड़ों की तरह ही अक्षय तृतीया से सप्ताहभर पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। इसके लिए वे आपस में पैसे जमा करके जरूरी सामान जुटाते हैं। बच्चों की खुशी में परिवार के लोग भी शामिल होते हैं, ताकि उनका आयोजन सफल हो सके।



हेल्थ प्लस

## गर्मी से राहत और इम्युनिटी को मजबूत बनाता है बेल का जूस



**बिलासपुर।** गर्मी के मौसम आते ही शहर में बेल जूस की दुकानें चौक-चौराहों में सज कर तैयार हो जाती है। लोग लू से बचने इसका निरंतर सेवन भी कर रहे हैं। इस समय यह जूस 20 रूपए प्रति गिलास मिल रहा है।बेल का जूस गर्मियों में एक अच्छा पेय है। यह शरीर को ठंडा रखने, पाचन में मदद करने और लू से बचाव में मदद करता है। यह विटामिन सी, बीटा-कैरोटीन से भरपूर होता है। डायटीशिन का कहना है कि बेल जूस पीने के कई फायदे है। यह शरीर को ठंडा रखता है और डिहाइड्रेशन से बचाता है। पाचन में मदद करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत देता है। इम्युनिटी को मजबूत बनाता है। ब्लड शुगर को नियंत्रित करने एवं वजन कम करने में मदद करता है। लू से भी बचाता है।

### बेल का जूस कब न पिएं

यदि किसी को थायराइड की समस्या है या थायराइड की दवा ले रहे हैं, तो बेल का जूस पीने से बचें। किडनी स्टोन की समस्या है, तो कम मात्रा में पिएं। हाई ब्लड प्रेशर है एवं खाली पेट होने पर बेल का जूस पीने से बचें।

# उस बस्ती के निवासी धन्य हैं जहां माँ का धाम: विशोकानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में वैशाख कृष्ण दशमी पर बीकानेर राजगुरु महानिर्वाणी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज के आगमन पर स्वामी के श्री चरणों का पूजन, वंदन मंत्रोपचार के साथ आचार्य डॉ दिनेश महाराज के द्वारा किया गया।

स्वामी विशोकानंद भारती महाराज ने कहा कि मां पीताम्बरा के इष्ट कृपा से तथा सदगुरुदेव स्वामी शारदानंद सरस्वती के अनुकंपा से डॉ दिनेश महराज द्वारा दैवी संपदा के लिए देवी उपासना का अनुष्ठान सर्व सुखाय सर्वहिताय है। परमार्थ परंपरा का भी यही सूत्र है कि समय-समय पर राजा महाराजाओं ने तथा राम कृष्णादि देवताओं ने देवी उपासना और दर्शन लाभ से बड़े-बड़े कार्य सिद्ध किए हैं। यही नहीं भगवान शंकर भी देवी माँ के सहयोग से ही सृष्टि स्थिति तथा संहार में सफल होते रहे हैं, वह बस्ती और बस्ती के निवासी धन्य है जहां माँ के धाम है। स्वामी शारदानंद महाराज की कृपा से पीतांबरा पीठ में समय-समय पर मां की कथा और विशेष अनुष्ठान होते रहते हैं। हम भी बिलासपुर प्रवेश के समय पर मां का दर्शन लाभ लेने आते हैं मां पीतांबरा तथा सदगुरुदेव शारदानंद के अनुग्रह और आशीर्वाद से पुष्पित फलित और सुगंधित धाम का दर्शन अवश्य करें। इस अवसर पर राजपुरोहित आचार्य मुरारीलाल त्रिपाठी कथा व्यास कटघोरा, श्री हर्षवर्धन अग्रवाल अधिवक्ता हाईकोर्ट बिलासपुर,इस अवसर पर ब्रह्मचारी मधुसूदन पांडेय, लक्ष्मी देवी पांडेय, डॉ अंकिता पांडेय अधिवक्ता, अपराजिता पांडेय, अमिता- दीपेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



# भागवत के श्रवण से पितरों को मिलती है सद्गति

**बिलासपुर।** श्री विहार सरकंडा स्थित शारदाश्री गार्डन में श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। इसके पहले दिन बुधवार को बाजे-गाजे के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास भागवत भूषण पं. अनिल शर्मा कोसला द्वारा वेदी स्थापना करा कर कथा आरंभ किया गया।



रैली श्री विहार से निकल कर मोहल्ले का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंच कर समाप्त हुई महिलाएं पीले वस्त्र में सिर में कलश लिए चल रही थीं। शाम को कथा व्यास के सानिध्य में वेदी की स्थापना करा कथा का वाचन किया गया। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत को पंचम वेद कहा जाता है। इसके श्रवण मात्र से पितरों को सद्गति मिलती है एवं उनका सुभाशीष मिलता है। घर में सुख-शांति आती है। वहीं श्री व्यास पूजन में भाग लेने से चौरासी लाख योनियों में भटकना नहीं पड़ता है। गुरुवार 24 अप्रैल को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, शुक्रवार 25 अप्रैल को अजामिल, प्रहलाद चरित्र, शनिवार 26 अप्रैल को राम, कृष्ण अवतार, रविवार 27 अप्रैल को कृष्ण बाल चरित्र, माखन चोरी, सोमवार 28 अप्रैल को रास लीला, रूक्मणि विवाह, 29 अप्रैल को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष पर कथा होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से आरंभ होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने रामसेवक शर्मा, शिरोमणि, इंदिरा शर्मा, सूर्यकांत, मनीषा, रविकांत, सुप्रिया शर्मा सहित पूरे परिवार के लोग लगे हैं।



कार्यक्रम

## स्वच्छ भारत अभियान पर ऑनलाइन ड्रॉइंग प्रतियोगिता

**बिलासपुर।** परिवर्तन एक आशा की किरण की संस्थापिका प्रीति ठक्कर एवं किरण पाठक ने बच्चों को स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूक करने और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता विशेष रूप से 5 से 16 साल के बच्चों के लिए आयोजित कि गई थी, जिससे वे छुट्टियों में घर पर रहकर बोर न हों और किसी न किसी रचनात्मक गतिविधि में व्यस्त रहें। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, भारत के विभिन्न राज्यों से बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, जिनमें छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड शामिल हैं। इसमें विजेताओं की घोषणा इन विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। अंतिम में स्पर्धा में शामिल विजेताओं को इनाम दिया गया। परिवर्तन एक आशा की किरण की संस्थापिकाओं का संदेश दिया,इस पर इन्होंने कहा की स्वच्छता हमारे देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए।




स्पोर्ट्स न्यूज

## रोहित की बल्लेबाजी व वासुदेव की गेंदबाजी से बिलासपुर ब्लू जीता, पहुंचा एलीट ग्रुप में



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था, जिसमें मंगलवार को बिलासपुर ब्लू ने अपना सेमीफाइनल मैच रायपुर के आरडीसीए मैदान में जशपुर के मध्य खेला। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट होकर 146 रन बनाएं। जिसमें रोहित नेतानी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंद में 63 रन और अतुल पाल ने 18 रनों का योगदान दिया।

जशपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आयुष सिंह ने तीन विकेट, पवन राम ने दो विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात जशपुर ने 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट होकर 125 रन बना पाई। जिसमें सुनील बेहरा ने 44 रन, चित्रेश ने 24 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए वासुदेव बरेठ ने 8 रन देकर चार विकेट और परिवेश धर ने दो विकेट प्राप्त किया। इस तरह बिलासपुर ब्लू ने यह मैच 21 रनों से जीत दर्ज की और मेंस सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई की। मैच के नायक नितिन काठावर और उदित बक्शी थे, स्कोरर मनोज तिवारी और ऑब्जर्वर नवीन श्रीवास्तव थे। बिलासपुर ब्लू के कोच सुशांत शुक्ला है। बिलासपुर ब्लू को टी 20 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट में पहुंचने पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव विंटेश अग्रवाल, अनुराग बाजपाई, देवेंद्र सिंह, सुशांत राय, आलोक श्रीवास्तव, महेंद्र गंगोत्री ने शुभकामनाएं दी।

## बेसबॉल की टीम ने गुजरात को 5–1 से हराकर किया जीत का आगाज

68वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में 27 अप्रैल तक किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ बेसबॉल 17 वर्ष के बालक-बालिका टीम भी भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ टीम के कोच अख्तर खान ने बताया कि उद्घाटन मैच में छत्तीसगढ़ बालक की टीम ने गुजरात को 5-1 से हराकर जीत का आगाज किया, जिसमें सूरज, संतराम, यश, योगेश ने अपनी टीम के लिए एक-एक रन बनाया। छत्तीसगढ़ बालक की टीम अगला मैच 25 तारीख को अपने पुल की तीसरी टीम तेलंगाना से खेलेगी। वही छत्तीसगढ़ बालिका का पहला मैच 24 अप्रैल को गुजरात से और 25 अप्रैल को उड़ीसा से होगा। टीम के जीत पर सहायक संचालक अनिल मिश्रा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अवध चंद्राकर, बेसबॉल संघ के महासचिव सुश्री मिताली घोष, दल के प्रमुख प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा, दिनेश वर्गीस, विजय पांडेय, लखन देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गाहिरे, गीता यादव, तरन्नुम खान, प्राची शर्मा, नेहा यादव, योगेंद्र यादव ने शुभकामनाएं दी।








## रेलवे की खिलाड़ियों ने नेशनल चैम्पियनशिप में किया क्वालिफाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल की दो महिला खिलाड़ी केरल स्थित महाराजास कॉलेज स्टेडियम में आयोजित 28वीं नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन किया। पूजा ने 1500 मीटर महिला दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई किया। दूसरी पूजा टिकट कलेक्टर,कमर्शियल क्लर्क, बिलासपुर मंडल ने हेप्टाथलॉन स्पर्धा में दमदार प्रदर्शन करते हुए 5 हजार 401 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान हासिल किया। एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अपनी जगह सुनिश्चित की। दोनों खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारियों तथा खेल संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### 20 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी गई शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुरानकापा मोड़ में एक युवक दुपहिया वाहन में कच्ची महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री के लिए रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर दुपहिया वाहन सीजी 04 सीडब्लू 1685 के चालक विनेश मसीह के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब जप्त कर लिया। साथ ही आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया।

### पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जब्त ट्रक को कर रहे राजसात

**जांजगीर-चांपा।** पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पीथमपुर मेन रोड के पास जब्त किए गए ट्रक को राजसात करने की कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। इस संबंध में सूचना भी जारी की गई है। जांजगीर थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि थाना जांजगीर के अपराध क्रमांक 698/2023 धारा छग पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत ट्रक क्रमांक सीजी 15 डी 9955 को जब्त किया गया था। उक्त वाहन में मवेशियों को ठूंस ठूंस करके भरा गया था और उसके पलटने से 8 भैसा व 2 भैंसी की मौके पर मौत हो गई थी। वाहन में कुल 27 मवेशी ठूंस ठूंस कर भरे गए थे।

## निधन

### कमलेश तिवारी



**बिलासपुर।** कांग्रेस भवन के पीछे तिलकनगर निवासी कमलेश तिवारी का 23 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे स्व. बसंत कुमार तिवारी की पत्नी, सुधाकर एवं प्रभाकर तिवारी की माता थीं।

## पहलगाम आतंकी हमले पर जताया दुख, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

# डॉ अंबेडकर सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के सशक्त स्तंभः तोखन




कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री एवं उपस्थित नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

गौरेला के सांस्कृतिक भवन मंगली बाजार में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल हुए। श्री साहू ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ हैं। उनके विचार आज भी हमारी नीतियों को दिशा प्रदान करते हैं। सभी का साथ, सभी का विकास की अवधारणा उन्हीं की सोच का प्रतिफल है। श्री साहू ने युवाओं और नागरिकों से शिक्षा, अधिकार और सामाजिक समरसता के प्रति सजग रहते हुए सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

### अमरकंटक में धार्मिक अनुष्ठान

अपने गौरेला प्रवास के दौरान श्री साहू ने अमरकंटक में मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की तथा अमरेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर राष्ट्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रणव मरपच्ची, लखनलाल साहू, अरुण सिंह चौहान, लालजी यादव, कन्हैया राठौर, बृजलाल राठौर, राकेश राठौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले पर संवेदना

सभा के उपरांत तोखन साहू ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा यह एक पीड़ादायक और निंदनीय घटना है। इस कठिन समय में हम मृतकों के परिजनों के साथ खड़े हैं। देश की एकता और अखंडता बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

## नपा क्षेत्र में समस्याओं को लेकर भाजपा पार्षदों का प्रदर्शन



नपा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते जनप्रतिनिधि।

**तखतपुर।** नगर पालिका में जल संकट एवं आवास की किस्त भुगतान नहीं होने को लेकर भाजपा पार्षदों ने नगर पालिका में आंदोलन किया। साथ ही उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही जल संकट दूर नहीं हुआ तो नगर पालिका में बड़ा आंदोलन होगा।

नगर के वार्ड क्र 1 से लेकर 15 वार्ड तक पानी की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं, साथ ही नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं नहीं मिलने एवं सुधार कार्य ना होने की वजह से लोग परेशान हैं। इस समस्या को लेकर भाजपा पार्षदों ने बुधवार को नगर पालिका में आंदोलन किया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित में आवेदन दिया। जल की समस्या के साथ हितग्रहियों को आवास की किस्त देने में जानबूझ कर देरी की जा रही है, जिससे लोग परेशान हैं एवं कर्ज लेकर मकान बनाने के मजबूर हैं। भाजपा पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने कहा नगर सरकार चुनावी वादे के साथ नगर में जीत कर आई है, लेकिन जल संकट दूर करने के लिए उनकी ओर से कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद कैलाश देवांगन ने कहा प्रधानमंत्री आवास के लिए पैसा नगर पालिका में महीना भर से आ गया है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन जानबूझकर इसको देने में दोरी कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के खाते में शीघ्र किश्त की राशि डाली जाए वरना उग्र आंदोलन किया जाएगा। पार्षद अंकित अग्रवाल ने कहा नगर में सफाई व्यवस्था बिल्कुल भी नहीं है, चारों तरफ नाली जाम पड़ी हुई है। वार्ड में काम करने वाले कर्मचारी भी नहीं आ रहे हैं लेकिन नगर पालिका के द्वारा कोई भी प्रकार का एक्शन नहीं लिया जा रहा है, जिससे जनता के साथ पार्षद परेशान हैं। भाजपा पार्षदों ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। इस अवसर पर कोमल सिंह ठाकुर, कैलाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, इस्लाम अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि सुरेश देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि सुनील आहूजा, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने विभाग को दिया ज्ञापन



**तखतपुर।** अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के कार्यालय में ज्ञापन दिया एवं कटौती बंद नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

कांग्रेसियों ने राज्य विद्युत मंडल के कार्यालय में ज्ञापन देते हुए कहा है कि तखतपुर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर किसानों, विद्यार्थीयों, व्यापारियों और उद्योगपतियों को परेशानी हो रही है। अनियमित बिजली कटौती एवं आपूर्ति से पूरा जल जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस दौरान उन्होंने मांग की है कि अघोषित विद्युत कटौती तत्काल बंद किया जाए तथा बिजली आपूर्ति के लिए एक स्पष्ट व पारदर्शी समय सारणी सार्वजनिक किया जाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस पर ठोस कदम वहीं उठाए जाने पर उग्र आंदोलन की चोतावनी भी दी। ज्ञापन देने वालों में आतमजीत सिंह मक्कड़, अजय देवांगन, हरविंदर हूरा, सुनील जांगड़े, बबलू गुप्ता, चंद्रप्रकाश देवांगन, रमन हूरा, शैलेंद्र निर्मलकर, अभिषेक पाण्डेय, यावेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शोक को दौरान डीएवी में वार्षिकोत्सव



**तखतपुर।** एक तरफ पूरा देश शोक में डूबा हुआ हैं वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधिओं और विखं शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में डीएवी पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं विखं शिक्षा अधिकारी कामेश्वर बैरागी, क्षेत्रीय प्रबंधक अधिकारी के एनमिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

इस दौरान विद्यालय कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संगीत व नृत्य जैसे कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारत में तीन दिवस का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है, जिसकी सूचना भी पत्रों के माध्यम से जारी की गई है। ऐसे में जानकारी होने के बाद भी शासन के दिशा-निर्देशों को ताक पर रखकर विद्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस पर विखं शिक्षा अधिकारी कामेश्वर बैरागी का कहना है कि राष्ट्रीय शोक में कार्यक्रम आयोजित नहीं होना था। मुझे संस्था की ओर से निमंत्रण कार्ड भेजा गया था, जिसमें कार्यालय से जाते समय कार्यक्रम में कुछ देर के लिए शामिल हुआ था।

संस्था द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट में बताया गया कि कार्यक्रम में एनके मिश्रा, एसएन पाण्डेय, श्वेता श्रीवास्तव, समीर सिंह, विनय कुमार श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### दी गई जानकारी

राष्ट्रीय शोक की जानकारी मुझे नहीं थी। संस्था की ओर से आमंत्रण कार्ड मिलने पर वहां कुछ समय के लिए शामिल हुआ था। राष्ट्रीय शोक में संस्था के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए इसकी जानकारी उच्च अधिकारी को दी गई।

- कामेश्वर बैरागी
बीईओ, तखतपुर

### अशासकीय विद्यालय

राष्ट्रीय शोक शासकीय कार्यालयों पर लागू होता है हमारी संस्था अशासकीय विद्यालय है।

- विनय कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य

## विधायक के प्रयासों से 21 गांवों को मिलेगी पेयजल समस्या से निजात



■ मल्टी विलेज जलप्रदाय योजना के तहत 22 करोड़ 36 लाख रुपए स्वीकृत

**मस्तूरी/सीपत।** मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के निरंतर प्रयासों से अब विधानसभा क्षेत्र के 21 गांवों के लोगों को जल्द ही पेयजल की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

विधायक के सार्थक प्रयास से जल जीवन मिशन के तहत 22 करोड़ 36 लाख 55 हजार रुपए की लागत से मल्टी विलेज जलप्रदाय योजना की स्वीकृति मिली है, जिसके माध्ययम से लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंचेगा। बता दें कि हरदी भटचौड़ा मल्टी विलेज जलप्रदाय योजना के तहत शिवनाथ नदी, हरदी एनिकट के पास वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटकवेल का निर्माण होगा, जहां से आसपास के 21 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस योजना के तहत मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के चिल्हाटी, हरदी, सेमराडीह, जैतपुरी, मनवा, खपरी, रहटाटोड़, पचपेड़ी, गोबरी, रैलहा, मनिकचौरी, भटचौड़ा, आमगांव, आमाकोनी, बहतरा, मचहा, डोमगांव, गिधपुरी, खपरी, ओखर एवं ठाकुरदेवा आदि गांवों तक शुद्ध पानी पहुंचेगा। शिवनाथ नदी के पास बनने वाले इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से नदी के पानी का शुद्धिकरण किया जाएगा, जिसे इंटकवेल तक पहुंचाया जाएगा। इसके बाद पाइपलाइन के माध्यम से इन गांवों तक यह पानी पहुंचेगा।

### बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

**कोरबा।** चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेंद्रीपाली निवासी कमलेश मरकाम उम्र 35 वर्ष पिता स्व इंद्राराम मरकाम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी मजदूरी का काम करता है। कमलेश की मां मथन कुंवर 22 अप्रैल की दोपहर लगभग 3 बजे चटुवाभवना रिस्तेदारी में जा रहूं कहकर घर से पैदल निकली थी, जो शाम तक चटुवाभवना नही पहुंची तब कमलेश के द्वारा अपनी मां की आसपास पता तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला।

## बिना लाइसेंस चल रहा ईंट भट्ठे का कारोबार



**बेलतरा।** बेलतरा तहसील मुख्यालय सहित नगर के ग्रामीण अंचलों में अवैध ईट भट्ठों का कारोबार जोरों पर चल रहा है। कई जगहों पर शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए बिना लाइसेंस के कई ईंट भट्ठों का संचालन हो रहा है।

शासन के निर्देशानुसार ईंट भट्ठे लगाने के लिए बाकायदा शासन से अनुमति लेना आवश्यक है, लेकिन अनुमति न लेकर कोयलें से इन्हें पकाया जाता है। बेलतरा तहसील मुख्यालय सहित पौसरा, लखराम, अकलतरी में प्रशासन की नाक के नीचे अवैध ईट भट्ठों का संचालन किया जा रहा एवं राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारी मूक दर्शक बने बैठे हैं। साथ ही कोयले के धुंए से लोगों सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि मामले को लेकर कार्रवाई की मांग भी की जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत के कारण इन पर बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। इस कारण अवैध ईंट कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। रशासन द्वारा कोई सख्त कदम नहीं उठाने के कारण प्रतिवर्ष ईंट भट्टा संचालकों की संख्या बढ़ती जा रही है। ईंट बनाने के लिए पानी का उपयोग किया जाता है, जिससे पानी की भारी दुर्गति हो रही है। साथ ही ईंटों को पकाने के लिए अधिकांश जगहों पर अवैध कोयला खरीदी कर इसका उपयोग किया जाता है, वहीं कई जगहों पर बड़े-बड़े वृक्षों की बलि चढ़ा दी जाती है।

## मांग पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा

# बिजली कटौती से परेशान किसान, फसलों को भारी क्षति



**बेलतरा/लगरा।** ग्राम बैमा नगोई मे विगत दो माह से बिजली विभाग के अघोषित बिजली कटौती से किसानो की रबी की फसल बर्बाद हो रही है। समस्या को लेकर किसानों ने दो माह पूर्व बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन दिया था, जिस पर अधिकारियो ने आश्वासन दिया था कि सब स्टेशन का पावर ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, जिसे एक सप्ताह मे बदल दिया जाएगा।

उसके बाद बिजली सुचारु रूप से मिलेगी। लेकिन अब पिछले एक सप्ताह से सुबह 6 से 7 बजे, 8 से 9 बजे तक तथा दोपहर 2 से 3 बजे एवं रात मे 7 बजे से 2 बजे तक बिजली कटौती की जा रही है। बिजली कटौती से किसानों के साथ ग्रामवासियों को भी 44 डिग्री के तापमान में रहना पड़ रहा है। किसान बिजली विभाग के अधिकारियों से मिन्नत करके थक चुके हैं, ऐसे में ग्रामवासियो ने मुख्यमंत्री से बिजली विभाग के इन गैरजिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही नगोई सब स्टेशन के खराब पॉवर ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की है। ग्रामवासियो ने कहा कि शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

## दुष्कर्म का आरोपी शिक्षक बर्खास्त

**भर्रीडांड़।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मरवाही में पदस्थ संविदा सहायक शिक्षक युगल किशोर दिनकर को छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी होने पर शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर के अनुमोदन से जारी आदेश में कहा है कि सहायक शिक्षक द्वारा संस्था में अध्ययनरत छात्रा के साथ दुष्कर्म की खबर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रसारित की गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यलाय से सूचना दी गई कि सहायक शिक्षक युगल किशोर दिनकर के विरूद्ध थाना मरवाही में विभिन्न धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। सहायक शिक्षक का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होना पाया गया है, जिसके फलस्वरूप आरोपी शिक्षक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 2012 में निहित प्रावधान के अनुसार शासकीय सेवा से बर्खास्त किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/ना.तह./वाचक/2025 बिलासपुर
दिनांक 17/05/2025
ई.रा.प्र.क्र.-.../अ-3/2024-25
मौजा- मंगला प.ह.न. 35
पक्षकार - युवा आर्य डेवलपर्स भागीदार-सौरभ चतुर्वेदी एवं प्रशांत प्रसाद
विरुद्ध छ.ग. शासन

ग्राम मंगला प.ह.न. 35 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 2430/एफ-4/सात-/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.20 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक युवा आर्य डेवलपर्स भागीदार प्रशांत प्रसाद पिता कमलेश्वरी प्रसाद निवासी एफ-01, मुंगेली रोड मिनोचा कालोनी बिलासपुर एवं सौरभ चतुर्वेदी पिता शिवप्रसाद चतुर्वेदी दोनो निवासी ई-8, मिनोचा कालोनी बिलासपुर के द्वारा मौजा- मंगला, प.ह.न.-35, स्थित भूमि खसरा नं. 1624/4, 1624/21 रकबा क्रमशः 0.1260 हे., 0.1680 हे. भूमि को एकीकरण किये जाने हेतु छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 05/05/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

यह आम जन को सूचित किया जाता है कि श्री प्रवीण सोनी, PRK Advertisement, B2, रामावतार कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा हमारे स्थान पर लगाया गया भाड़ा (Scaffolding) सार्वजनिक मार्ग में अवरोध उत्पन्न कर रहा है। हमने उन्हें कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से भाड़ा हटाने हेतु आग्रह किया, किंतु अब तक उन्होंने जानबूझकर भाड़ा नहीं हटाया है। मैंने इस विषय में थाना सिविल लाइन, बिलासपुर में भी लिखित सूचना एवं शिकायत दी है, तथा प्रवीण सोनी को पंजीकृत डाक द्वारा पत्र भेजा गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। उन्हें अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस के भीतर यदि भाड़ा नहीं हटाया गया तो हम स्वयं श्रमिकों के माध्यम से भाड़ा हटवाकर उसका सामान सड़क के किनारे रखवा देंगे। यदि सामान को कोई क्षति या चोरी होती है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी। यह सूचना उनके ध्यानार्थ एवं सार्वजनिक जानकारी हेतु प्रकाशित की जा रही है।

प्रकाशक- अब्दुल हुसैन
खपरगंज, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर**
**जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़**
**नोटिस/ सूचना**

क्रमांक क/तह./वा./2025
तखतपुर, दिनांक 23.04.2025
प्रति, 1. कन्या देवी पति शिवकुमार
2. चन्द्रप्रकाश पिता शिवकुमार
3. ओमप्रकाश पिता शिवकुमार
4. ललिता पुत्री शिवकुमार सभी निवासी ग्राम देवतरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा इस न्यायालय के विचाराधीन प्र.क्र. 202501070800049/ब 121/ 2024-25 पक्षकार राजकुमारी विरूद्ध चन्द्रप्रकाश पाटले वगैरह ग्राम देवतरी के प्रकरण में आपकी उपस्थित अनिवार्य है।

अतः आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 05.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें, आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार
तखतपुर

**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश,**
**क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**धारा - 30 ( ख ) के अधीन भूखण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद्द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीरज टहिल्यानी एवं श्री धरमवीर टहिल्यानी दोनों पिता श्री पी.के. टहिल्यानी ग्राम- तिफरा के खसरा क्रमांक 92/4, 100/22, 100/23 कुल रकबा 600.279 वर्गमीटर हेतु पत्र क्रमांक 8598, दिनांक 25.05.2018 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक G-18, G-19, G-20 कुल भूखण्ड क्षेत्रफल 600.279 वर्गमीटर के स्वामी है और उनके द्वारा उपरोक्त भूखंडों के विलय हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा संविलियन किये जा रहे भूखंडों का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट परिसर, बिलासपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

प्र. संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख मेसर्स श्री राम इन्फ्रा फर्म, कृष्ण कुंज R-2 विनोबा नगर बिलासपुर (छ.ग.) पंजी. क्रमांक 78/2015-016, दिनांक 01/05/2015 के अनुसार दो साझेदार श्री विवेक अग्रवाल और श्री अमित अग्रवाल के माध्यम से व्यापार एवं लेन देन किया जा रहा था। यह कि दिनांक 11/01/2024 से उक्त फर्म में संशोधन कर दिया गया है और अब संशोधित साझेदारी विलेख दिनांक 11/01/2024 के अनुसार उक्त फर्म से अमित अग्रवाल को उसकी सहमति से अलग किया गया है व श्री कृष्णा बिहारी शुक्ला को सम्मिलित किया गया है। वर्तमान साझेदार इस प्रकार है:-

1. श्री विवेक अग्रवाल
2. श्री कृष्णा बिहारी शुक्ला

वास्ते- मेसर्स श्री राम इन्फ्रा
साझेदार- विवेक अग्रवाल
पता- सांई मंदिर के पीछे,
श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स श्री राम इन्फ्रा फर्म, कृष्ण कुंज R-2, विनोबा नगर बिलासपुर (छ.ग.) साझेदारी विलेख पंजी. क्रमांक 78/2015-016, दिनांक 01/05/2015, के पंजीकृत कार्यालय को दिनांक 11/01/2024 से स्थानांतरित कर दिया गया है। नया पता निम्न अनुसार है नया पता साई मंदिर के पीछे, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11/01/2024 से हमारी फर्म के सभी आधिकारिक पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यकलाप अब नए पते साई मंदिर के पीछे, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) से संचालित किए जाएंगे।

अतः उपरोक्त संशोधन बाबत सर्व साधारण को यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

वास्ते, मेससे श्री राम इन्फ्रा
साझेदार:- विवेक अग्रवाल
पताः सांई मंदिर के पीछे, श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर**
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:-जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00036 जूना बिलासपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD 202425400108400103

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00036 के अंतर्गत ग्राम जूना बिलासपुर के वर्तमान भूमिस्वामी सुशीलाराम बेवा आर. के. राम मनोज कुमार राम पंकज राज शैलेश कुमार पिता/पति-आर.के. राम पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 487/19 (0.0280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुशीलाराम बेवा आर. के. राम मनोज कुमार राम पंकज राज शैलेश कुमार पिता/पति-आर.के. राम पता-सा देह के नाम पर पंजीयन/फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/04/25 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार मुकेश कुमार देवांगन
तहसील बिलासपुर

**कार्यालय रा.नि.मं. सकरी तहसील**
**सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// सीमांकन सूचना //**

प्रति, 1. योग्यता साहू पिता रामस्वरूप साहू- आवेदक 2. श्यामा यादव 3. ठाकुर/उर्वशी साहू की भूमि 4. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय :- सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण मे उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ न्यायालय तहसीलदार/अति.तह.ना. तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 04/03/ 25

संदर्भीत विष्यांतर्गत ज्ञापन के पालन मे ग्राम अमेरी प.ह.नं 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं 23/26, 25/14 रकबा क्रमशः 0.0060 हे., 0.0160 हे. एकड/हेक्टेयर भूमि स्वामी योग्यता साहू पिता रामस्वरूप साहू निवासी अमेरी के द्वारा सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 02.05. 2025 को लगभग 11:00 से 5:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि सम्बंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवम समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा मे आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जाने। टीप:- विषेश परिस्थिति मे अपरिहार्य कारणो से सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण तिथि मे परिवर्तन किया जा सकता हैं।

राजस्व निरीक्षक, सकरी
तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार-3 बिलासपुर**
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ: जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00034 कुदुदंड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT2024254 00108000072

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम कुदुदंड के वर्तमान भूमिस्वामी राजेश सोनी पिता/पति-श्री श्याम सुन्दर सोनी पता-साकिन डबरीपारा सिद्धार्थ भवन के पास बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 437/20 (0.0116) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संजय गुप्ता पिता/पति-स्व रामअवतार गुप्ता पता-म.न. 1120 प्रियदर्शनी नगर व्यापर विहार रोड बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/04/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, तहसील बिलासपुर

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न. - 00039 तालापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425400108500098

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम तालापारा के वर्तमान भूमिस्वामी महेन्द्र कुमार गुप्ता पिता/पति - छोटेलाल पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 255/7 (0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता जैकी भोजवानी पिता/पति मुरलीधर भोजवानी पता-निवासी संतोषी मंदिर के पास, तोरवा, बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन / फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/04/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
Mukesh Kumar Dewangan
तहसील - बिलासपुर

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप

### जनसंपर्क में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला पीआरएसआई पुरस्कार



बिलासपुर। पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) रायपुर चैप्टर द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर बालको के जनसंपर्क अधिकारी विजय वाजपेयी को रामशंकर अग्निहोत्री स्मृति जनसंपर्क पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनसंपर्क और मीडिया क्षेत्र से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र और सम्मान प्रदान किए गए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कृत पीआर पेशेवरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको), कोरबा की पीआर हेड सुश्री सुची मिश्रा ने कहा कि हमें आधुनिक तकनीकियों का उपयोग करते हुए सत्य और वस्तुनिष्ठ जानकारी जनता तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में तकनीक की गहरी समझ और नवीनतम ट्रेंड्स से अपडेट रहना हर जनसंपर्क अधिकारी के लिए जरूरी है। पीआरएसआई रायपुर के चेयरमेन डॉ. शाहिद अली ने पुरस्कृत व्यक्तियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। समारोह में पीआरएसआई रायपुर के सचिव डॉ. कुमार सिंह तोप्पा, कोषाध्यक्ष डॉ. दानेश्वरी संभाकर, अडानी ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. प्रतीक पाण्डे, उप संचालक जनसंपर्क नसीम अहमद खान एवं सौरभ शर्मा तथा डॉ. कीर्ति सिसोदिया, मुकेश एस सिंह, सत्येश भट्ट जनसंपर्क अधिकारी आदि मौजूद थे।

### राजस्व शिविरों को ग्रामीणों और किसानों का मिला अच्छा प्रतिसाद



**बिलासपुर।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में राजस्व से संबंधित 4529 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 2715 आवेदन निराकृत कर लिए गए हैं। अधिकांश मामलों का निराकरण मौके पर ही कर लिया गया। शेष न्यायालयीन प्रकृति के प्रकरणों के निराकरण के लिए समय सीमा दी गई है। कलेक्टर अवनीश शरण के मार्गदर्शन और नेतृत्व में गत 7 अप्रैल से 21 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान दूरदराज के ग्रामों में शिविर आयोजित किए गए। शिविर को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला। लोग उत्साह के साथ शिविरों में पहुंचकर अपने जरूरत के काम सुगमता से करा पाए। कलेक्टर अवनीश शरण ने स्वयं आधे दर्जन शिविरों में पहुंच कर निरीक्षण किया। हितग्राहियों ने अपने गांव घर के नजदीक शिविरों के जरिए लंबित समस्यायों के समाधान हो जाने पर संतुष्टि जाहिर की है। भू अभिलेख शाखा के अनुसार सभी शिविरों में भू स्वामियों का बी वन पढ़कर सुनाया गया। इन शिविरों में 2715 आवेदनों का निराकरण किया गया। 193 किसानों को किसान किताब का वितरण किया गया। अविवादित नामांतरणों के 40 आवेदनों का निराकरण किया गया। फौती के 31, अविवादित बंटवारा के 16, अभिलेखों में त्रुटि सुधार के 66 आवेदन , नक्शा बटांकन के 18, सीमांकन के 05, जाति प्रमाण पत्र 543, निवास के 498 ,आय के 663 , डिजिटल हस्ताक्षर के 336 सहित अन्य आवेदनों का निराकरण किया गया।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना आज 775 यात्री होंगे रवाना

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 24 अप्रैल को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए बिलासपुर जिले के 381, मुंगेली जिले के 183 एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के 211 सहित कुल 775 चयनित तीर्थयात्री बिलासपुर रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे रवाना होंगे। तीर्थदर्शन यात्रियों के स्पेशल ट्रेन को केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह एवं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा स्पेशल ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

### केंद्रीय विवि परिसर के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन आज

**बिलासपुर।** केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर बिलासपुर सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के तत्वावधान में 25 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले इस कृत्य के लिए जिम्मेदार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल बर्खास्त करने एवं दिखावे की कार्रवाई नहीं, बल्कि सख्त और प्रभावी कदम उठाने की मांग की जाएगी।

### संत निरंकारी मिशन का विशाल रक्तदान शिविर आज

**बिलासपुर।** मानव एकता दिवस पर 24 अप्रैल को संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक इमलीपारा, राजारघुराज सिंह के पीछे स्थित सत्संग भवन में किया जा रहा है। 2025 को जहाँ एक ओर ग्राउंड नं0 8, निरंकारी चैक, बुराड़ी में किया जायेगा वहीं भारतवर्ष के प्रत्येक ब्राँचों में भी श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह जी एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेगें। यह दिन युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याणकी भावना को समर्पित है। इस मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल दिनांक 24.04.2025 को प्रातः 08.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक इमलीपारा, राजारघुराज सिंह के पीछे स्थित सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने दी।

### केवट (निषाद) समाज की बैठक 26 को बिलासा छात्रावास में

**बिलासपुर।** केवट (निषाद) समाज की बैठक 26 अप्रैल शनिवार को बिलासा छात्रावास केंवट समाज चांटीडीह में आयोजित की गई है। इस बैठक में शासन द्वारा आबंटित मोपका जमीन के चंदा राशि के आवक-जावक व सामाजिक निर्वाचन सदस्य बनने के संबंध में चर्चा की जाएगी। समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष हरप्रसाद कैवर्त ने समाज के सभी सदस्यों से 26 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से आयोजित इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

## पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवादी संगठन टर्फ का झंडा जलाया गया

# पहलगाम में पर्यटकों की हत्या पर उबला शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों के मारे जाने वाली घटना का आक्रोश पूरे देश के साथ बिलासपुर में भी दिखाई दिया। बिलासपुर में नागरिकों और युवाओं ने इसके विरोध में घटना की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकवादी संगठन टीआरएफ और आतंकवादी संगठनों को पूरी मदद पहुंचाने वाले पाकिस्तान का झंडा जलाया गया।

- निर्दोष पर्यटकों पर किए गए कायराना और अमानवीय हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की मांग

पहलगाम की घटना का विरोध करते हुए नागरिकों और युवाओं ने एक राय होकर कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्री है और वह तीन बार भारत से युद्ध में हार चुका है। अतः आमने-सामने की लड़ाई लड़ने की हिम्मत उसमें नहीं है, इसलिए यह की छद्म युद्ध आतंकवादियों के माध्यम से वह भारत के खिलाफ लगातार जारी रखे हुए हैं। बिलासपुर के नागरिक और युवाओं ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों को नाम पूछकर जाति धर्म के आधार पर अलग कर गोली मारना किसी भी हालत में क्षम्य नहीं कहा जा सकता। 1990 के दौर में जब कश्मीर में आतंकवाद अधिक जोरों पर था उस समय भी पर्यटकों के साथ ऐसी घटना नहीं हुई है। आज जब कश्मीर की पूरी अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग पर टिकी है ऐसे समय पर पर्यटकों के साथ की गई यह घटना कश्मीर के आम नागरिकों के साथ भी बहुत बड़ी गद्दारी है, क्योंकि इससे उनके रोजी-रोटी का संकट आ जाएगा। बिलासपुर के नागरिकों और युवाओं ने भारत सरकार से मांग की है कि पाकिस्तान के आतंकवाद फैक्ट्री को पूरी तरह नेस्तनाबूद किया जाना आवश्यक है। इसके लिए अगर जरूरत हो तो सीमा पार करके भी हमला किया जाना चाहिए। दुनिया के किसी भी देश में उनके नागरिकों के मारे जाने पर उनकी सरकारें पूरी ताकत से बदला लेती है यही काम भारत सरकार को किए जाने की जरूरत है। आज बिलासपुर में हुए इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से महेश दुबे टाटा बद्री यादव राघवेंद्र सिंह राकेश शर्मा समीर अहमद बबला अनिल गुलहरे चित्रकांत श्रीवास यतीश गोयल और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।



आतंकवादी हमले के विरोध में पाकिस्तान का झंडा जलाते शहर के लोग।

### फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी ने दी श्रद्धांजलि



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के मामले में पूरे देश में शोक की लहर है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आज मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें फाउंडेशन के सदस्य,खिलाड़ियों एवं उनके माता-पिता ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की और 2 मिनट का मौन धारण किया। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों पर गोलीबारी करके कायराना हरकत की है । देश कभी ऐसे लोगों को माफ नहीं करेगा। जिन्होंने निर्दोष लोगों को उनके ही परिवार के सामने मार डाला। हमले की फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया, नगर निगम में एम आई सी सदस्य संजय यादव, सुरेश शुक्ला तथा क्रिकेट खिलाड़ियों तथा अभिभावको ने आतंकवादी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।

### भाजयुमो ने फूंका पुतला, की शांति की प्रार्थना



कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले में मृत नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए आज भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर मंडल सरकंडा ने महामाया चौक सरकंडा में मौन रखकर एवं मोमबत्ती जलाकर हमले में मृत हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महर्षि बाजपेयी ने कहा कि इस प्रकार से धर्म पूछ कर निर्मम हत्या करना देश कभी बर्दाश्त नही करेगा।

### पहलगाम में पर्यटकों की हत्या करना दुःखद विभत्स एवं अमानवीय घटना



गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में 23 अप्रैल को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 28 पर्यटकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस जघन्य आंतकी हमले में घायल हुए पर्यटकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की गई। सभा में कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में आतंकवादियों द्वारा कई पर्यटकों की हत्या कर दी गई एवं अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जो दुखद, विभत्स एवं अमानवीय घटना है। जिससे पूरा भारत देश एवं हमारा विश्वविद्यालय परिवार स्तब्ध है। गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय इस आंतकी हमले में शहीद हुए 28 पर्यटकों एवं अन्य घायल हुए लोगों के परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ा हुआ है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि इस निर्मम हत्याकांड से जहां पूरे देश में आक्रोश है वहीं केन्द्रीय विश्वविद्यालय में भी इस दर्दनाक घटना के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी हरकत से झुकने वाला नहीं है बल्कि आंतकी ताकतों और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आंतकवादियों का नापाक मंसूबे सफल नहीं होंगे। इस दुखद घटना में अपनी जान गंवाने वालों के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कुलपति प्रो. चक्रवाल सहित कुलसचिव प्रो. ए.एस.रणदिवे अन्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखा।

### कांग्रेस ने कैंडल जलाकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि, घटना का किया विरोध



पहलगांव कश्मीर में आतंकी हमले की ज़लिा कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण नेहरू चौक पर केंडिल जला कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि पहलगाम कश्मीर में आतंकी हमला कायरता और बर्बरता का चर्मोत्कर्ष है।

पर्यटक जो जीवन मे कुछ सुकून पाने के लिए जाते हैं। इस तरह की आतंकी हमला करने से पूरा परिवार बिखर जाता है। पड़ोसी देश भारत को अस्थिर करना चाहता है। अमन, चैन और शांति का दुश्मन है। भारत एक शांति प्रिय देश है जो महात्मा गांधी के सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलकर विश्व शांति की बात करता है। पड़ोसी देश अपने घृणात्मक कृत्य से बाज़ नही आ रहा है। कल की घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। कल की आतंकी हमले में मध्यप्रदेश,राजस्थान ,कर्नाटक सहित हमारे छत्तीसगढ़ का एक युवा की भी आतंकी हमले में मृत्यु हुई है । विजय पांडेय ने कहा कि जो 22 पर्यटक घायल हैं, उन्हें ईश्वर से शीघ्र स्वस्थ करने की कामना करते हैं। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, देवेंद्र सिंह, रामशरण यादव, शेख नजीरुद्दीन,राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय, समीर अहमद, भरत कश्यप, शहज़ादी कुरैशी, जावेद मेमन, विनोद साहू,नसीम खान, महेश दुबे, अशोक शुक्ला, मोहन श्रीवास, हिमांशु कश्यप, रामशंकर बघेल, गौरव एरी, सुभाष ठाकुर, ओम कश्यप, स्वर्णा शुक्ला, पिंकी बतरा, शिल्पी तिवारी, उतरा सक्सेना, सुदेश नन्दिनी, बाबा खान, शैलेन्द्र जायसवाल, जयश्री शुक्ला, ममता साहू, मार्गेट बेंजामिन, टीकम सिंह, घनश्याम कश्यप, आदि उपस्थित थे।

### शहीद चौक पर मोमबत्ती जलाकर किया नमन



लायंस क्लब बिलासपुर ने आंतकी हमला में निर्दोष पर्यटकों की मौत होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अध्यक्ष शैलेश बाजपेयी, रीजन चेयर पर्सन अरविन्द दीक्षित, प्रीतपाल बाली, डा राजकुमार खेत्रपाल, अमरजीत दुआ, उमेश मुरारका, मोहन, होनप, असीत पाल जुनेजा, निशेष वर्मा, विमल केडिया, रोशनी दीक्षित, श्रीकांत सहारे ने शहीद चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

### सर्व हिन्दू समाज ने देवकीनंदन चौक पर की सभा



पहलगाम में हुए नरसंहार में शहीद हुए हिन्दुओं को श्रद्धांजली देने सर्व हिन्दू समाज ने देवकीनंदन चौक में एकत्र होकर इसकी जमकर निंदा की। मोमबत्ती जलाकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थन की। दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की गई। सभा में कहा गया कि हमे जितने सेक्युलर बनना था बन गए। अब धर्म के प्रति कट्टर नहीं हुए तो काटना तय है। आतंकवादियों ने इसका जीता जागता उदाहरण दें दिया है।

### शहीद चौक में श्रद्धा सुमन अर्पित कर आतंकवाद का फूंका पुतला



जम्मू कश्मीर में दहशत हिन्दुस्तान को अस्थिर कर देश में अशांति फैलाने की दुषित मानसिकता की जमकर निंदा की गई है। देश विरोधी ताकतों द्वारा आतंकवाद को पनाह देकर पहलगाम की बैसरन घाटी में निर्दोष पर्यटकों के साथ धर्म जाति पूछ कर कलमा पढ़ने को कहकर दहशतगर्गी फैला आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या की गई। शांत कश्मीर को फिर अशांत करने के मंसूबे से पर्यटकों की हत्या कर, हिंदू धर्म के पर हमला अत्यंत दुखद और अमानवीय कृत्य है। बिलासपुर शहीद चौक में शहादत को विनम्र श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमन अर्पित करते आतंकवाद का पुतला फूंका गया। यह जानकारी मनीष अग्रवाल ने दी।

### ज्येष्ठ नागरिक संघ ने पहलगाम आंतकी हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



आज ज्येष्ठ नागरिक संघ की कार्यकारणी सभा आयोजित की गई। इसमें पहलगाम में आंतकी हमलों में 28 मृतकों जिन्हें हिन्दू धर्म का होने पर निर्दोष जनों की हत्या आंतकियों ने की। उसकी भर्त्सना करते हुए निंदा करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने बताया कि इस सभा में मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सचिव सत्यभामा अवस्थी, उपाध्यक्ष डी के शर्मा, कोषाध्यक्ष डीपी गुप्ता, सहसचिव बाल गोविन्द अग्रवाल, जयश्री शुक्ला, शीला शर्मा, डा सुधावर, बीबे हरीश मगर, राकेश बाकरे, व्हाय डी दीवान, धनसिंह ठाकुर, मंजुला गुहा, निशेष वर्मा, आनन्द दिघस्कर आदि उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले के विरोध में भाजपा दक्षिण मंडल ने फूंका पुतला



पहलगांव में आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवादियों का दक्षिण मंडल द्वारा पुतला दहन किया गया। कायरता पूर्ण कृत्य के लिए मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने घोर निंदा करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है पाकिस्तान को भी विश्व के नक्शे से समाप्त करने का अपनी जनता को राशन दे नहीं पा रहे हैं और दूसरे देशों में अशांति फैला रहे हैं। पूरे विश्व को एकजुट होकर इस हमले का कड़ा विरोध करना चाहिए। इस अवसर पर मंडल महामंत्री नारायण गोस्वामी, महेश चंद्रिकापुरे, पार्षद अमित तिवारी, मोनू रजक, साहिल कश्यप, शोभा कश्यप, रीना गोस्वामी, मीणा गोस्वामी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना ने दी श्रद्धांजलि

भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी में जुटें समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर आज रायल क्लब, नूतन चौक सरकंडा और बोदरी में समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना ने बैठक की। इस दौरान मंगलवार को पहलगाम में घटित आतंकी वारदात में हताहत हुए मृतात्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में घटना की भर्त्सना की। समाज ने कहा की यह हमला कायरों द्वारा किया गया मानवता पर हमला है।

### स्वदेशी जागरण मंच ने की निंदा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हिल स्टेशन पर आतंकियों द्वारा की गई कायराना निर्मम नरसंहार का पूरा देश ही नहीं अपितु विश्व के कई देश निंदा कर रहे हैं । इस हमले में 28 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई, जबकि 20 गंभीर रूप से घायल हैं। रायपुर के उद्योगपति दिनेश मीरानिया भी इस घटना के शिकार हो गए। देश में इतनी बड़ी विभत्सना पहले कभी नहीं देखी गई। इस नरसंहार से कई परिवारों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है । खुशिया मनाने गए परिवार में आज गमहिन और शोक का माहौल है । आतंकवादियों ने जिस तरह से मजहब के आधार पर नरसंहार किया है इसका स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई ने घोर निंदा की है। स्वदेशी जागरण मंच भारत सरकार से घटना में शामिल आतंकियों एवं मददगारों पर सख्त कार्रवाई कर उन्हें कठोर सजा देने की मांग की है। यह जानकारी मंच के प्रदेश संयोजक जगदीश पटेल ने दी।

## पिछले दो माह से कुलपति का पद खाली, 15 मई तक आवेदन आमंत्रित

# ओपन विवि में कुलपति नियुक्ति के लिए राजभवन से विज्ञापन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजभवन ने कुलपति चयन के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है और 15 मई तक आवेदन मंगाए हैं। ओपन यूनिवर्सिटी में लगभग पिछले दो माह से कुलपति का पद खाली पड़ा है और संभागायुक्त कुलपति का प्रभार संभाल रहे हैं।



किसी भी राजकीय यूनिवर्सिटी के कुलपति की नियुक्ति राजभवन से राज्यपाल के हस्ताक्षर से जारी होता है, इसलिए कुलपति चयन के लिए विज्ञापन भी राजभवन द्वारा निकाला गया है। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ संशोधन अधिनियम अंतर्गत कुलपति पद के लिए विज्ञापन निकाला गया है और यूजीसी मापदण्डों को पूरा करने वालों से आवेदन कर सकते हैं। इसमें शिक्षाविद होने के साथ यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव या किसी प्रतिष्ठित अनुसंधान या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। कुलपति का अधिकतम कार्यकाल पांच वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक जो भी पहले होगा और दो कार्यकाल से अधिक के लिए नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। कुलपति पद के लिए 15 मई तक पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट से आवेदन मंगाया गया है। वर्तमान में पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति का प्रभार संभागायुक्त को सौंपा गया है। ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह का पांच वर्ष का कार्यकाल 2 मार्च को समाप्त हो गया है। प्रो. सिंह का यह ओपन विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में दूसरा कार्यकाल था। पहली बार उनकी फरवरी 2015 में कुलपति पद पर नियुक्ति हुई थी और मार्च 2020 में उनका पहला कार्यकाल समाप्त हुआ था, उसके बाद एक माह का उन्हें एक्सटेंशन मिला था। बाद में उन्हें ओपन यूनिवर्सिटी में सेकंड टर्म कुलपति नियुक्त कर दिया गया और उनका दूसरा कार्यकाल अभी 2 मार्च 2025 में समाप्त हो गया। ओपन यूनिवर्सिटी में अब नए कुलपति की नियुक्ति होना है, जिसके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से सर्च कमेटी के लिए कार्य परिषद की अनुशंसा से एक सदस्य का नाम भेज दिया गया है।

#### चार और यूनिवर्सिटी में कुलपति नहीं

छत्तीसगढ़ के कई यूनिवर्सिटी में बिना कुलपति के स्थिति खराब है। हाल ही में दुर्ग हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी में कुलपति की नियुक्ति हुई है और भोज यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. संजय तिवारी की राजभवन से दुर्ग यूनिवर्सिटी के कुलपति पद पर नियुक्ति का आदेश जारी हुआ है। इसके बाद ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर में कुलपति चयन की प्रक्रिया शुरू हुई है, जबकि कुलपति की नियुक्ति मामले में अभी चार और यूनिवर्सिटी वेटिंग में चल रहे हैं। इसमें सरगुजा के संत गहिरा गुरू यूनिवर्सिटी, खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत यूनिवर्सिटी, भिलाई के स्वामी विवेकानंद तकनीकी यूनिवर्सिटी, कुशाभाऊ ठाकरे यूनिवर्सिटी में कुलपति नहीं हैं।

#### कहीं हटाए गए कुलपति तो कहीं कार्यकाल समाप्त

छत्तीसगढ़ के तीन यूनिवर्सिटी के कुलपतियों को उनके कार्यकाल के पहले अनियमितता संबंधी मामलों के कारण धारा 52 के तहत हटा दिया गया है। इनमें महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी यूनिवर्सिटी के कुलपति, खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत यूनिवर्सिटी के कुलपति और सरगुजा यूनिवर्सिटी के कुलपति शामिल हैं। इसी तरह राज्य के तीन यूनिवर्सिटी में कुलपतियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी एवं स्वामी विवेकानंद तकनीकी यूनिवर्सिटी भिलाई के कुलपति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है।

### अपोलो प्रबंधन पर एफआईआर करने कांग्रेस सौंपेगी ज्ञापन आज

**बिलासपुर।** अपोलो से नेहरू चौक तक निकलने वाली न्याय यात्रा अब 2 मई को निर्धारित स्थल और समय पर निकलेगी और नेहरू चौक पर आमसभा होगी। 24 अप्रैल को कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर बिलासपुर को अपोलो प्रबंधन, फर्जी डाक्टर पर एफआईआर करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना लागू करने सहित लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसकी तैयार को लेकर शनिवार को कांग्रेस भवन में बैठक हुई। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि अपोलो प्रबंधन छग शासन की आयुष्मान स्वास्थ्य योजना को मान्य नहीं करता। जबकि बीपीएलधारक भी अपोलो में ईलाज के लिए हकदार है। आयुष्मान एक बीमा योजना है, जिसमें जनसंख्या और बीमार की दर से प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक निश्चित अंश बीमा कंपनी के पास जमा की जाती है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि अपोलो हास्पिटल में अप्रैल 2006 से मार्च 2007 तक पदस्थ फर्जी कार्डियोलाजिस्ट डॉ. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेन्द्र जान केम ने पूर्व विधानसभा स्पीकर स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल के हार्ट का आपरेशन किया और कुछ दिनों बाद उनकी मृत्यु हो गई। बैठक में पूर्व सभापति शेख नजरूद्दीन, देवेन्द्र सिंह, सिद्धांशु मिश्रा, राजेन्द्र साहू, ऋषि पांडेय, समीर अहमद, महेश दुबे, विनोद साहू, संध्या तिवारी, सीमा घृतेश, पिंकी बतरा, जगदीश कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बलौदा समपार रेल लाइन बंद आज

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के जांजगीर नैला-अकलतरा स्टेशन के बीच मानव सहित समपार बलौदा फाटक में 24 अप्रैल गुरुवार से 28 अप्रैल सोमवार तक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रेल लाइन मरम्मत कार्य करने का निर्णय लिया है। इस कार्य के दौरान सड़क मार्ग से यातायात करने वालों की विशेष सुविधा हेतु कार्य को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किया जाएगा। यह फाटक उपरोक्त तिथि में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक यातायात के लिए बंद रहेगा।

### स्टेशन में शुरु की जाएगी ई-केटरिंग की सुविधा

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने बिलासपुर मंडल के आठ प्रमुख स्टेशन पेण्ड्रारोड, चांपा, रायगढ़, उसलापुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, अंबिकापुर पर ई-केटरिंग सेवा के माध्यम से खानपान की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की योजना बनाई है। इस सेवा के तहत यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से सफर के दौरान अपने पसंद का भोजन अग्रिम रूप से बुक कर सकते हैं, जो संबंधित स्टेशन पर उन्हें उनकी बर्थ पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह सेवा यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### आठ फेरा लगाएगी बिलासपुर काचीगुड़ा समर स्पेशल



**बिलासपुर।** आठ फेरे के लिए बिलासपुर से काचीगुड़ा के बीच समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर-काचीगुड़ा साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 12, 19, 26 मई व 2 जून को चार फेरे के लिए प्रत्येक सोमवार को और गाड़ी संख्या 08264 काचीगुड़ा-बिलासपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन काचीगुड़ा 13, 20, 27 मई व 3 जून को चार फेरे के लिए प्रति मंगलवार को चलेगी। इस ट्रेन का स्टापेज बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया एवं वडसा स्टेशन पर दिया जाएगा।

### चापड़ दिखाकर होटल में तोड़फोड़, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर दो युवकों ने चापड़ दिखकर दहशतगर्दी मचाते हुए होटल में जमकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने चापड़ सहित दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री टीआई अवनीश पासवान ने बताया, हिर्री निवासी प्रकाश साहू पिता घनश्याम साहू की बिल्हा मोड़ पर होटल है। 22 अप्रैल को रात 11 बजे वे होटल बंद करने जा रहे थे। इसी दौरान रोशन विश्वकर्मा, राजेश्वर निषाद अपने बाइक से आए और अपने पास रखे चापड़ को लहराते हुए शराब के लिए पैसे की मांग की। मना करने पर उनके साथ गाली गलौज कर होटल में घूसकर कुर्सी, कूलर में तोड़फोड़ कर दी। श्री साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पतासाजी कर हमलावर रोशन विश्वकर्मा पिता जीवन लाल विश्वकर्मा 21 साल हिर्री, राजेश्वर निषाद पिता रामजी निषाद 20 साल रिस्दा मस्तूरी निवासी को पकड़कर चापड़ बरामद कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 308, 4, 324, 2, 3, 5 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।





### नर्मदानगर चौक पर ट्रैफिकजाम तेज धूप में हालाकान हो रहे लोग

**बिलासपुर।** ट्रैफिक सिग्नल लाइट बंद होने, किसी पुलिसकर्मी के नहीं होने के कारण हर रोज 11 बजे के बाद नर्मदा नगर चौक पर ट्रैफिकजाम हो रहा है। जिससे चारों ओर वाहनों की कतार लग रही है और तेज धूप में जाम में फंसकर लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। पूर्व में नर्मदा नगर चौक में अस्थाई बस स्टैण्ड बनाया गया था। उसके बाद से चौक में स्थाई बस स्टैण्ड बन गया है। सुबह से शाम तक चौक पर गौरवपथ मार्ग व मुंगेली कोटा की ओर से यात्री बस आती रहती हैं, यात्री बस के आने पर आटो वाले रांग साइड गाड़ी घुसाकर आटो खड़े कर देते हैं। रांग साइड में आटो वालों के घुसने से नर्मदा नगर चौक पर ट्रैफिक जाम हो जाता है। बुधवार की सुबह 11 बजे रांग साइड से आटो वालों के घुसने पर चौक पर ट्रैफिकजाम हो गया और चारों ओर वाहनों की कतार लग गई। तेज धूप में लोग जाम में फंसकर हलाकान होते रहे। आलम यह था कि ट्रैफिक व्यवस्थित करने ट्रैफिक के जवान दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे थे।

### मिशन स्कूल के सामने और हनुमान मंदिर के पास से हटाया गया अतिक्रमण

# बृहस्पति बाजार में कार्रवाई, निगम अमले से उलझे फल ठेले वाले, सीढ़ी तोड़ी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर बृहस्पति बाजार के बाहर सब्जी व फल दुकान लगाने वालों के साथ ही जेल लाइन रोड पर फल ठेला लगाने वालों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। इस दौरान टीम ने साफ किया कि अब इस मार्ग पर सड़क पर दुकान नहीं लगना चाहिए, इसकी वजह से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, ऐसे में आने वाले दिनों में भी कार्रवाई होते रहेंगी। इस दौरान ठेले वालों से जमकर विवाद हुआ।

राजीव गांधी चौक में भी सड़क पर लगाए गए ठेले गुमटी वालों से निगम कर्मियों की झूमाझटकी हुई। अतिक्रमण विरोधी दस्ता कार्रवाई तो कर रहा है, लेकिन कुछ स्थाई फल दुकानदारों को निगम अभयदान देते आ रहीहै। मिशन स्कूल काम्पलेक्स और उसके सामने बृहस्पति बाजार के काम्पलेक्स की दुकान में स्थाई फल वाले है, लेकिन इन्होंने पार्किंग पर कब्जा कर अपना दुकान सजा रखा है। जबकि यहां से कब्जा हटा लिया लिया जाए तो बहुत हद तक यातायात व्यवस्था सही हो सकता है। शहर की समस्याग्रस्त सड़कों में बृहस्पति बाजार वाली रोड भी शामिल है। इस बाजार में चारों दिशाओं की सड़क आकर मिलती है। इससे वहां ट्रैफिक का दबाव भी ज्यादा है। इसके अलावा शहर का प्रमुख सब्जी बाजार होने के कारण खरीदारों की भीड़ भी यहां सुबह से देर रात तक लगी रहती है। इस भीड़ के बीच फल विक्रेताओं द्वारा सड़क पर ही ठेला लगा लेने के कारण यहां गाड़ियों को आवाजाही के लिए कम जगह मिल पाती है। इसे देखते हुए नगर निगम हर बार कार्रवाई करता है लेकिन ठेले वाले मानते ही नहीं है।



बुधवार को बृहस्पतिबाजार से हटाया गया अतिक्रमण।

#### राजीव गांधी चौक में चला अभियान

इसके साथ ही राजीव गांधी चौक में भी कार्रवाई की गई। अतिक्रमण शाखा जोन 3 और ट्रैफिक पुलिस महाराणा प्रताप चौक तक ठेले वालों को हटाया गया। व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नेहरू चौक से राजीव गांधी चौक, सिम्स, मंगला नाका, महाराणा प्रताप चौक के आसपास सड़क के किनारे लगी दुकानें हटाईं गईं। सड़कों पर बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों को चेतावनी देते हुए सामानों की जब्ती की गई है। दिन भर चले निगम के अभियान के दौरान दुकानों का सामान, बोर्ड, कुर्सी टेबल, नुमाइशी पुतले, ठेले आदि जब्त किए गए।

#### शो रूम पर कार्रवाई



राजीव गांधी चौक के पास ओव्हरब्रिज के नीचे सड़क पर टेंट लगाकर बाइक का प्रचार-प्रसार कर रहे शो रूम के खिलाफ नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 3 नई बाइक और 2 रेलिंग को जब्त किया गया है,वहीं लगाए गए टेंट को हटाया गया है। निगम के मुताबिक राजीव गांधी चौक के पास ओव्हरब्रिज के नीचे सड़क में टेंट लगाकर शो रूम द्वारा बाइक की प्रदर्शनी लगाई गई थी। बाइक एजेंसी संचालक को सड़क पर प्रदर्शनी नहीं लगाने की समझाइश देते हुए हटाने के निर्देश दिए गए थे,जिसके बाद भी एजेंसी द्वारा निर्देश को नजरअंदाज किया जा रहा था। जिसके बाद आज नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए कार्रवाई की गई।

#### बिल्डर्स पर लगा 50 हजार का जुर्माना

नगर निगम ने एक बिल्डर्स पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। बिल्डर्स द्वारा बिना नगर निगम से अनुमति लिए ही शहर के बिजली और स्ट्रीट लाइट के खंभों के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अपने एजेंसी द्वारा बिल्डर्स का विज्ञापन किया जा रहा था। बिल्डर द्वारा होर्डिंग्स, बैनर,पोस्टर के माध्यम से अपने कंपनी का प्रचार प्रसार किया जा रहा था। कंपनी द्वारा बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स बनवाकर खंभों, सार्वजनिक स्थलों के साथ सरकारी संपत्तियों का उपयोग विज्ञापन के लिए जा रहा था। जबकि विज्ञापन करने के लिए नगर निगम से अनुमति लेनी पड़ती है और निर्धारित शुल्क पटाना रहता है। बिल्डर्स बिना शुल्क पटाए ही विज्ञापन कर रहा है। ऐसे में बिल्डर्स को 50 हजार का जुर्माना लगाया गया,जिसके बाद बिल्डर्स द्वारा जुर्माने का भुगतान कर दिया गया है।

#### बाइक एजेंसी पर कार्रवाई



तिफरा ओवर ब्रिज के नीचे और राजीव गांधी चौक के पास बाइक एजेंसी द्वारा वाहनों के विक्रय के लिए सड़क पर टेंट लगाकर अपने एजेंसी के नए मॉडल की नई बाइक का प्रदर्शन किया जा रहा था। जिससे आवागमन बाधित हो रही थी। बाइक एजेंसी मालिक को नियमित रूप से कई बार मुख्य सड़क पर विक्रय करने वाहन की प्रदर्शनी नहीं लगाने एवं सड़क पर आवागमन बाधित न करने हितायद एवं समझाइश देने के बावजूद वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा था। इस पर बुधवार की दोपहर यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर फैले समानों को नगर निगम का वाहन बुलाकर जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान एजेंसी के टेंट सामग्री, वाहन, वाहन रेम्प एवं अन्य कई सामग्री की जब्ती बनाई गई।

## दो युवकों ने केटरिंग वाले को गर्म तेल की कड़ाही में धकेला, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी पार्टी में दोसा ठीक नहीं बनाने के विवाद में दो युवकों ने कैटरर के साथ मारपीट करते हुए उसे गर्म तेल की कड़ाही में धक्का दे दिया। जिससे कैटरर गंभीर रूप से झुलस गया है। उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, नवागांव बस्तीपारा मचखंडा निवासी रामायण धीवर पिता रामकुमार धीवर कैटरिंग का काम करते हैं। ठेकेदार भरत रजक ने खोहनिया उच्चभठ्ठी निवासी गोवर्धन यादव के घर शादी कार्यक्रम में खाना बनाने का आर्डर लिया था। भरत रजक के साथ रामयण धीवर, अमन केंवट, चंद्रप्रकाश धीवर, विकास रजक व अन्य लोग शादी घर में खाना बना रहे थे। इसी दौरान जितेन्द्र यादव, राम कुमार यादव आए और दोसा अच्छा नहीं बना रहे हो कहते हुए भरत रजक के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। फिर दोनों शांत होकर चले गए। उसके बाद भरत रजक, विकास रजक, चंद्रप्रकाश धीवर पुरी बना रहे थे। इसी दौरान फिर जितेन्द्र यादव, रामकुमार यादव आए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए भरत रजक को गर्म तेल की कड़ाही में धक्का देकर गिरा दिया। गर्म तेल से उनका पेट, कमर, दोनों हाथ, चेहरा जल गया, जिससे शादी घर में हड़कंप मच गया।





- शादी पार्टी में दोसा ठीक नहीं बनाने पर बढ़ा विवाद, निजी अस्पताल में घायल भती

आनन फानन में गंभीर रूप से झुलसे भरत रजक को इलाज के लिए सीमत अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए तत्काल रिफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा उन्हें बिलासपुर बीटीआरसी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने रामायण धीवर की रिपोर्ट पर जितेन्द्र यादव, रामकुमार यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## तीन माह में हटा दिया गया उसलापुर का पार्किंग ठेकेदार

**बिलासपुर।** उसलापुर रेलवे स्टेशन में पार्किंग का संचालन करने वाले ठेकेदार की लगातार ओवरचार्जिंग की शिकायत रेल अफसरों को मिल रही थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिलासपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह ने ठेकेदार से पार्किंग का ठेका वापस ले लिया है।

पिछले एक साल से बिलासपुर डिवीजन के उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन डेवलपमेंट का काम चल रहा है। इसकी वजह से स्टेशन के बाहर और अंदर में चल रहे कार्यों की वजह से यात्रियों को काफी दिक्कतें भी हो रही हैं। इस कार्य के कारण स्टेशन के बाहर की पार्किंग व्यवस्था भी चरमरा गई है, जिसके कारण यात्री अपने वाहन को पार्किंग के साथ इधर-उधर खड़ी करते हैं। बिलासपुर स्टेशन के साथ ही उसलापुर रेलवे स्टेशन में कार और बाइक पार्किंग का ठेका निजी व्यक्तियों को दिया गया है। इन ठेकेदारों के कर्मचारी अतिरिक्त कमाई करने के लिए यात्रियों से बदतमीजी करने के साथ ओवरचार्जिंग भी करते हैं, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी होती है। तीन माह पहले भी ओवरचार्जिंग और यात्रियों से बदसलूकी करने की शिकायत पर बिलासपुर डिवीजन कामर्शियल विभाग ने 1 दिसम्बर 2024 को उसलापुर स्टेशन के तत्कालीन पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की थी।

- ओवरचार्जिंग की शिकायत, सीनियर डीसीएम ने की कार्रवाई

### छेड़खानी व लूट के मामले में फरार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ढाबा में युवती से छेड़खानी कर मारपीट व लूट के मामले में फरार युवक को पुलिस ने 6 माह बाद गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, अक्टूबर 2024 में खाना खाने काली ढाबा गए युवतियों से युवकों के द्वारा छेड़खानी की गई। विरोध करने पर उनके साथ गए युवकों के साथ मारपीट की गई थी, उसके बाद एक अन्य युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट की गई थी। उक्त मामले में फरार क्रांति नगर निवासी दीपक सलूजा पिता सुनील सलूजा 20 साल को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पूर्व राजकिशोर नगर देविका विहार कालोनी निवासी अंकित सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर 23 साल को गिरफ्तार किया गया था।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 01 जून 2025, 16 जुलाई 2025, 27 जुलाई 2025, 16 अगस्त 2025, 09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### अटल आवास की सीढ़ी के नीचे खड़ी गाड़ियों में लगाई आग, 4 एक्टिवा स्कूटी जली

**बिलासपुर।** अटल आवास की सीढ़ी के नीचे खड़े वाहनों में अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगा दी गई है, जिससे 4 एक्टिवा, स्कूटी जलकर राख हो गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई निखित आश्रम के पीछे अटल आवास में रहने वाले लोग रात में सीढ़ी के नीचे अपने अपने वाहनों को खड़े करते हैं।



मंगलवार की सुबह 4 बजे अज्ञात लोगों ने वाहनों में आग लगा दी, जिससे वहां खड़ी 4 एक्टिवा, स्कूटी आग की चपेट में आ गई। घरों में धुंआ भरने से लोगों की नींद खुल गई। लोगों ने नीचे आकर देखा तो एक्टिवा, स्कूटी में आग लगी हुई थी। जिससे हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना देकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। सरकण्डा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी वहां पहुंची तब तक लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। आग से 4 एक्टिवा व स्कूटी जलकर राख हो गई थी।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
यदि आप सुनहरे भविष्य के लिए कुछ करना चाहते हैं तो जुड़े हरिभूमि के साथ ऐसे युवक-युवतियों के लिए जो प्रिंट मीडिया, मार्केटिंग के कार्य क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। मेहनती, उत्साही, योग्य एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की।
फील्ड एक्जीक्यूटिव-10 पद
वेतन+ इंसेंटिव, योग्यतानुसार
न्यूनतम योग्यता
♦ 10+2 वीं उत्तीर्ण ♦ अधिकतम आयु 40 वर्ष
♦ उचित निर्णय लेने में सक्षम हो
इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा व पासपोर्ट साईज फोटो के साथ अतिशीघ्र संपर्क करें।
मिलने का समय 2.00 से 5.00 बजे तक
हरिभूमि रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केंदई में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु



**कोरबा।** स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केंदई में तीसरे दिन बड़ी संख्या में वनवासी ग्रामीण उपस्थित थे। सबने यह संकल्प लिया कि नित्य रामायण पाठ एवं हनुमान चालीसा करेंगे, रामायण, हनुमान चालीसा हमारे सभी समस्या का हल है। हर हिन्दू के घर में यह होना चाहिए, तिलक जरुर लगाना चाहिए, इससे लाभ होता है, लक्ष्मी तिसटथी सर्वदा, मनुष्य को अपने जीवन में कुछ संकल्प जरूर लेना चाहिए। आश्रम में निरंतर ऐसे आयोजन होता रहता है, गुरु मां साध्वी गिरिजेस नंदिनी ने कहा जभी सत्संग हो सब काम छोड़कर कर लाभ लेना चाहिए।

### खनिज विभाग की कार्रवाई एक हजार ट्रॉली रेत जब्त



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार ग्राम सल्फा में रेत के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि सरगांव तहसीलदार अतुल वैष्णव एवं नायब तहसीलदार के संयुक्त दल के द्वारा गंगा बाई चक्रधारी, अश्वनी कौशल, राहुल महिलांगे, सुरेन्द्र साहू, शत्रुघ्न ठाकुर, पप्पू सतनामी, विकास अग्रवाल सहित कुल 7 लोगों के द्वारा डंप किए गए लगभग 1 हजार ट्रैक्टर-ट्राली रेत के अवैध भंडारण पर प्रकरण तैयार कर जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही अवैध रेत परिवहन करते 1 ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

### डा. अंबेडकर आवासीय विद्यालय में निशुल्क नीट प्री मॉक टेस्ट 2 को

**मुंगेली।** नीट यूजी परीक्षा 2025 के फार्म भरने वाले एवं परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए डॉ बीआरएएस मास्टर की एकेडमी डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में 2 मई शुक्रवार को निशुल्क नीट प्री मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। मॉक टेस्ट में सम्मिलित होने वाले इच्छुक छात्र-छात्रा 25 अप्रैल तक नीट कॉन्फर्मेशन पेज की फोटो कापी एवं स्वयं का एक पोस्ट कार्ड साइज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर या वाट्सएप नम्बर 9303901651 के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीकृत छात्रों को 30 अप्रैल को प्रवेश पत्र दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए शीघ्र संपर्क करें।

### अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस टीम को ग्रामीणों ने घेरा



**कोरबा।** एक गांव में अवैध शराब मिलने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस टीम सुबह गांव जा पहुंची थी जहां एक युवक के कब्जे से शराब बरामद किया और पुलिस उसे थाने ले जा रही थी। इस बीच पुलिस की कार्रवाई पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया और ग्रामीणों ने गांव के बीच पुलिस की टीम को ही घेर लिया। फिर क्या था जिला मुख्यालय तक जैसे ही इसकी सूचना पहुंची। बड़ी संख्या में कई थानेदार व पुलिस लाइन से बल को भेजा गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी जिसके बाद पुलिस टीम को मौके से छुड़ाकर वापस लाया गया।
सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बेचुलभाटा में अवैध तरीके से शराब बनाने और बेचने की सूचना पुलिस के अफसरों को मिली थी। कोरबा नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे ग्राम बेचुलभांठा पहुंची थी। जहां पुलिस की टीम ने गांव में निवासरत मनोज उरांव के घर छापामार कार्रवाई कर ग्रामीण के घर की तलाशी ली। जहां मनोज उरांव के कब्जे से चार लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर मनोज उरांव को गिरफ्तार कर थाने ले जा रही थी। इसी बीच 4 महिलाएं भी पुलिस के वाहन में बैठ गई और साथ ले जाने की जिद करने लगी। इस बीच ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और कार्यवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी के आगे पीछे सड़क पर ही घेरकर बैठ गए और जमकर हंगामा करने लगे और मनोज उरांव को छोड़ने की मांग करने लगे।

### मोटर सायकल के लूटपाट के मामले में नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत विकास कुमार झा ने थाने में 15 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 अप्रैल की रात्रि लगभग 10:30 बजे जब विकास एनटीपीसी प्लांट के मेस से खाना खाकर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19 एमजे 7613 से अपने गेस्ट हाउस (साडा कॉलोनी) जा रहा था। तभी के.सी. जैन मार्ग केन्दईखार के पास अज्ञात व्यक्तियों ने विकास पर डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया तथा उसके पास से ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन एवं मोटरसाइकिल को जबरन छीनकर फरार हो गए। प्रार्थी विकास की रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन कर रही थी। जांच में यह पाया गया कि विकास कुमार झा जब साडा कॉलोनी लौट रहा था तब दो मोटरसाइकिलों पर सवार 5 आरोपियों राजा बाबू पोर्ते, कन्हैया यादव, संदीप दिवाकर, प्रिंस पोर्ते और एक विधि से संघर्षरत बालक ने विकास को रोककर लाठी से प्रहार किया और डरा-धमका कर उसकी मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन जबरन छीन लिए।

## नवपदस्थ कलेक्टर कुन्दन कुमार ने की पत्रकारों से चर्चा

# शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बुधवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के माध्यम से मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले के विकास की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया।

कलेक्टर श्री कुमार ने जिले के विकास के लिए विभिन्न सुझावों को सुना और इस दिशा में आवश्यक पहल करने की बात कही। उन्होंने बताया कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था एवं अधोसंरचना विकास पर विशेष प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को जिले में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने तथा आपसी समन्वय एवं सहयोग से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नशे की रोकथाम विशेष रूप से सूखा नशा पर रोक लगाने उचित कार्रवाई तथा महिलाओं के प्रति अपराध को रोकने बेहतर कार्य योजना बनाकर काम करने की बात कही। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप फ्लैगशिप योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ मिले इस दिशा में भी बेहतर प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने मुंगेली नगर के लिए मास्टर प्लान तैयार करने, बच्चों की बेहतर शिक्षा तथा युवाओं व महिलाओं का कौशल उन्नयन कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। कलेक्टर ने ढांचागत सुविधाओं के अंतर्गत सड़क, नाली, बिजली, पानी इत्यादि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा इस दिशा में बेहतर कार्य करने की बात कही। जल संकट पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने वाटर रिचार्जिंग रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा जल को बचाने विभिन्न उपायों को अपनाने के साथ ही प्याऊ घर खोलने पर जोर दिया।

इस दौरान एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव और बड़ी संख्या में विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




विकास योजनाओं की जानकारी देते कलेक्टर।



### जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रथ को कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रथ का उद्देश्य लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करना और इस कुप्रथा को खत्म करना है। यह रथ यात्रा मुंगेली जिले के विभिन्न गांवों में 30 अप्रैल तक निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान लोगों को बाल विवाह से संबंधित कानूनों एवं इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कृषक सहयोग संस्थान के अधिकारी आशु चंद्रवंशी ने बताया कि रथ के माध्यम से कम उम्र में अपने बच्चों एवं आस-पास शादी न होने देने, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बाल विवाह के साथ बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह अधिनियम 2006 और बाल यौन शोषण जैसे मुद्दों की जानकारी दी जाएगी और जागरूक किया जाएगा।

## रेल सेवा विस्तार को लेकर सिंह ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा मांगपत्र



**पेंड्रा।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के पेंड्रा आगमन पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने उन्हें पेंड्रारोड से नागपुर तक रेल सेवा शुरु करने सहित 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि इलाज कराने सहित विभिन्न कामों से बड़ी संख्या में जिले के लोग नागपुर जाते हैं। ट्रेन की सीधी सुविधा नहीं होने से बिलासपुर से ट्रेन बदलना पड़ता है, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए पेंड्रारोड से नागपुर तक रेल सेवा का विस्तार किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने कटनी-अनूपपुर रेलमार्ग से पेंड्रारोड होकर दुर्ग की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनों के नामों का सुझाव भी दिया है। इसी तरह राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को जिले में नवोदय विद्यालय की स्थापना एवं पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन में स्वचालित सीढ़ी की स्थापना का मांग भी की है। श्री साहू ने इन मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, भाजपा जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, द्वारिका सोनी, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा पैकरा, विनय सूर्यवानी, संतोष तिवारी, मनीष जायसवाल, देवशरण राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एबीवीपी ने पोर्ते कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने डॉ भवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को होने वाली समस्याओं पर प्राचार्य डॉ राजपूत को 10 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी के नगर मंत्री श्रेयांश पांडे ने बताया कि महाविद्यालय में कई वर्षो से अनेक समस्याएं हैं, जिसके लिए कभी किसी ने आवाज नहीं उठाई। अब विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में महाविद्यालय की सारी समस्याओं के समाधान की लड़ाई एबीवीपी लड़ेगी। महाविद्यालय के छात्र लक्ष्य साहू ने बताया कि महाविद्यालय की स्थिति अत्यंत खराब है, जिसका समाधान महाविद्यालय प्रशासन को करना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। छात्रा डॉली नागेश ने बताया कि महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिसमें सुरक्षा की समस्या सबसे महत्वपूर्ण है। एबीवीपी छात्राओं की सुरक्षा के विषय को लेकर समय-समय पर आवाज उठती रही है। इसी क्रम में एबीवीपी ने प्राचार्य को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान आदित्य चतुर्वेदी, नगर कार्यकर्ता वैभव यादव, रिया काछी, नील नामदेव, अंजली गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, श्रद्धा दुबे, अंकित राठौर, अक्षय गुर्जर, संजय, आकांक्षा एवं दीपाली यादव शामिल रहे।

### डीएवी स्कूल गोढ़ी में विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। एलकेजी और यूकेजी के छात्रों के लिए डॉट प्रिंटिंग गतिविधि, कक्षा पहली से पांचवी तक के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता, कक्षा छठवीं से आठवीं तक के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, कक्षा नौवी से 12वीं तक के लिए ड्राइंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने कहा कि हर वर्ष 22 अप्रैल को हम पृथ्वी दिवस मनाते हैं, ताकि हम अपने ग्रह की सुंदरता, विविधता और जीवनदायिनी शक्ति का सम्मान कर सकें। यह दिन हमें जागरूक करता है कि हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियां जैसे प्लास्टिक का अधिक प्रयोग, जल का अपव्यय, जंगलों की कटाई और प्रदूषण पृथ्वी के स्वास्थ्य पर कितने गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं। पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं है, यह हमारा घर है।

### पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में ली गई बाल विवाह निषेध की शपथ




**लोरमी।** सेमरसल मुनीबाबा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 की ओर से संयुक्त रूप से पोषण पखवाड़ा के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य, और बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों को लेकर जन जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में पोषण संबंधित जानकारी, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए आहार तथा स्वास्थ्य सेवाओं की महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया। स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन की प्रशंसा की और समाज को जागरूक एवं सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक कुरीतियों के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से उपस्थित जनसमूह को बाल विवाह निषेध की शपथ दिलाई गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए समाज को जागरूक बनाना था।

### 80 से 120 रुपए किलो बिक रहा फलों का राजा आम



**मुंगेली।** फलों का राजा आम अभी खास बना हुआ है। गर्मी में आम की आवक शुरू हो गई है, लेकिन महंगाई के चलते सीमित लोग ही इसकी खरीदारी कर रहे हैं। क्षेत्र के फुटकर मार्केट में आम 80 से 120 रुपए किलो तक बिक रहा है। फल विक्रेताओं की मानें तो मई माह में इसके दाम कम होंगे। इधर अचार के लिए कच्चा आम भी 20 से 30 रुपए प्रति किलो बिक रहा है, जिससे गरीब वर्ग के लोग इसे लेने से अभी परहेज कर रहे हैं। फल विक्रेता कहते हैं कि आमतौर पर अप्रैल माह में आम की कीमत 40 से 50 रुपए तक रहती है, लेकिन इस साल अभी इसकी आवक शुरू हुई है। शुरूआती चरण में आवक कम होने से इसकी कीमत बढ़ी हुई है। आवक कम होने पर इसका स्पष्ट असर रेट पर पड़ता है। गर्मी के सीजन में फलों के दाम दोगुने से तिगुने हो जाते हैं। अन्य फलों के भी बढ़े भाव- अंगूर समेत अन्य फलों के दाम भी गर्मी में बढ़ गए हैं।

## सुनिश्चित की जा रही जनप्रतिनिधियों की भागीदारी

# सुशासन तिहार के प्रथम चरण में मिले 1 लाख 22 हजार आवेदन

**मुंगेली।** जनता की समस्याओं के निदान के लिए सुशासन तिहार के प्रथम चरण में कुल 1 लाख 21 हजार 805 आवेदन मिले। इनमें 1 लाख 20 हजार 1 मांगों से संबंधित एवं 1 हजार 8 सौ 4 शिकायतों से संबंधित आवेदन हैं।

जनता जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे सीधे मुलाकात के लिए साय सरकार पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन कर रही है। इस आयोजन के तहत गांवों और शहरी क्षेत्र में स्थानीय समस्याएं, शिकायत एवं मांगों को लेकर समाधान पेटी रखकर लोगों से आवेदन लिए गए। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए गए। मांग और शिकायत रखने के लिए ऑनलाइन सुविधा भी दी गई है। चार दिन में कुल 1 लाख 21 हजार 8 सौ 5 आवेदन मिले हैं। इनमें 1 लाख 20 हजार 01 मांगों से संबंधित आवेदन आए हैं। जो कुल आवेदन का 98 प्रतिशत है। वहीं मात्र 1 हजार 804 शिकायतों से संबंधित आवेदन हैं। सबसे अधिक 86 हजार 478 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए है, जिनमें 85 हजार 9 सौ 77 आवेदन मांग के एवं 5 सौ 1 आवेदन शिकायत के है तथा सबसे कम 1 आवेदन आयुष विभाग को प्राप्त हुआ। नगर पालिका मुंगेली में कुल 1 हजार 1 सौ 60 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 1 हजार 30 आवेदन मांग एवं 1 सौ 30 आवेदन शिकायत संबंधित है। विखं मुंगेली में 30 हजार 5 सौ 97 आवेदन मिले, जिनमें 29 हजार 9 सौ 76 मांग के एवं 6 सौ 21 आवेदन शिकायत के हैं। सुशासन तिहार के शिविर में आवास, स्वास्थ्य सहायता, मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे सामान्य आवेदन ही ज्यादा प्राप्त हुए। इसके अलावा राजस्व से संबंधित आवेदन भी मिल रहे हैं। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।



सुशासन तिहार में आवेदन जमा करते ग्रामीण।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि



**बिल्हा।** हनुमान चालीसा समिति कुटिया मंदिर बिल्हा में समिति के संरक्षक डॉ आरसी अग्रवाल के नेतृत्व मे पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों को समिति के सदस्यों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। साथ ही मृत आत्माओं की शांति के लिए हनुमान चालीसा का पाठ कर दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से से प्रार्थना करते हुए मृतकों के परिवार को आत्म बल एवं इस दुख को सहने की क्षमता देने की प्रर्थना की गई। समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवेदन किया है कि कश्मीर को तत्काल सेना के हवाले कर देश के अंदर छुपे हुए गद्दारों को चुन-चुन कर मारने की छूट दी जाए। साथ ही पाकिस्तान पर तत्काल हमला कर आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की अपील की गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों में मंदिर समिति के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश शर्मा, राजेश नागलिया, श्रवण गुप्ता, शैलेंद्र शर्मा, राजकुमार मानिकपुरी, शिवम नौबतका, कमल गर्ग, सुखी देवांगन, दिलीप गुप्ता, हरीश महाराज, कैलाशशर्मा, हिरदय यादव आदित्य सोनी इत्यादि मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने दी पहलगाम मृतकों को श्रद्धांजलि



**मुंगेली।** पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए हमले का चौतरफा विरोध हो रहा है। राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सभी वर्गो में घटना को लेकर रोष व्याप्त है। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक पुन्नूलाल मोहले के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से कैंडल मार्च करते हुए जयस्तम्भ पहुंचे, जहां पर हमले में शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, शैलेष पाठक, गिरीश शुक्ला, सौरभ बाजपेयी, पवन पाण्डेय, मोहन भोजवानी, दिनेश सोनी, मोहन मल्लाह, शिवकुमार बंजारा, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, कोटू दादवानी, किशोरी केशरवानी, समीर आहिरे, संजय वर्मा, अमितेश आर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने कैंडल जलाकर जताया शोक




**मुंगेली।** पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी ने कैंडल मार्च का आयोजन किया। कैंडल मार्च में शामिल होकर कांग्रेसियों ने शहीद स्मारक के पास कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, ग्वालदास अनंत, रोहित शुक्ला, दिलीप बंजारा, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, सागर सोलंकी, अभिलाष सिंह, नवनीत शुक्ला, जित्तू श्रीवास्तव, अरविन्द वैष्णव, संजय जायसवाल, संजय चंदेल, याकूब अली, आरिफ खोखर, नौसाद, कुलदीप पाटले, मकबूल खान, अजय साहू, सीरिया यादव, उर्मिला रमेश यादव, नूरजहां, मंजू शर्मा, निधि पौराणिक सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पहलगाम आंतकी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



**तखतपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले में मारे गए लोगों को नगर के गांधी चौक पर नगरवासियों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने कायराना पूर्वक यात्रियों को निशाना बनाया है। हम इस हमले की निंदा करते है और इस करतूत में शामिल सभी आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं। भारत एक शांतिप्रिय देश है, जहां अशांति फैलाने वाले ऐसे आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। नगरवासी गांधी पुतला के पास एकत्रित हुए एवं हमले में मारे गए लोगों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर बिहारी देवांगन, शिवेंद्र कौशिक, राजकुमार शिवहरे, राजू देवांगन, सुनील जांगड़े, टेकचंद कारड़ा, शुभम साहू, अवधेश मिश्रा, अजय ठाकुर, बबलू पटेल, अनिल जांगड़े, रिपूसुदन साहू, करीम कुरैशी, ओमप्रकाश निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भागवत कथा में भगवान वामन अवतार का वर्णन

**बिल्हा।** यातायात नगर वार्ड क्र 9 परसदा में स्व मेलूराम रजक के वार्षिक श्राद्ध पर आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को तीसरे दिन की कथा कही गई, जिसमें भागवताचार्य पं रमाकांत शर्मा ने भगवान वामन अवतार व समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है, हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ और अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह धन संपदा क्षण भंगुर होती है, इसलिए इस जीवन में परोपकार करें। उन्होंने बताया कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। ईषालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता। यदि अपना उद्धार करना चाहते हो तो परोपकार में अपना जीवन लगाओ, जिससे तुम्हारा कल्याण होगा। इस अवसर मुख्य यजमान राकेश-कामिनी रजक, राजकुमारी रजक, हेमलता-नाथुराम, सरस्वती-अमृत, हेमा-ईश्वर, जलादेवी-अशोक, जलेश्वरी कलेश्वरी-मुद्रिका, सत्या-हेतराम, शीतला-अर्जुन, अमरिका-बाबूलाल,झूल बाई, कुमारी बाई, अमरिका, गंगाराम गौरी बाई, निर्मल कृष्णा देवी, गंगा प्रसाद, रामेश्वरी धरमलाल, राजा कौशिक, सुभम कौशिक, जितेंद्र कौशिक, रविकांत कौशिक, अनिल कौशिक, रमेश कौशिक, संजय कौशिक, ज्ञान कौशिक, नरेश कौशिक, राजू कौशिक, जय रजक, अर्जुन कौशिक, जयकिशन रजक, ओंकार कौशिक, निक्कू रजक, राहुल कौशिक, छोटू कौशिक, मिथिलेश कौशिक, रघुनाथ रजक, शितलेश कौशिक, लोकेश रजक, ऋषि कौशिक, बाबी रजक, संदीप रजक, किशन कौशिक, कुलदीप रजक, रोशन निर्मलकर, गगन रजक, अभिषेक रजक, निखिल कौशिक, विकास कौशिक, अमन कौशिक उपस्थित रहे।